

14:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 309 epaper.rashtriyakhabar.com कार्तिक, शुक्लपक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत 2080

### विदुर नीति

य एव यत्नः क्रियते परराष्ट्र विमर्दने।

य एव यत्नः कर्तव्यः स्वराष्ट्रपरिपालने॥

**भावार्थ** : जैसा प्रयत्न राजा शत्रु के राष्ट्र को नष्ट करने के लिए करता है वैसा ही प्रयत्न वह अपने राज्य तथा प्रजा की रक्षा व पोषण के लिए भी करे - यह राजा का कर्तव्य है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .04 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .01 बजे

## आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत

**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुछ अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गयी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। डेरा इस्माइल खान जिला पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना रविवार रात उस समय हुई जब आतंकवादियों ने ड्यूटी खत्म होने के बाद वाहन से जा रहे पुलिसकर्मी पर घात लगाकर हमला किया। उन्होंने बताया कि हमलावर इस घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए और आतंकवादियों के ठिकाने का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इससे पहले पिछले सप्ताह हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह ने डेरा इस्माइल खान जिले में एक तेल ड्रिलिंग कंपनी के संयंत्र पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई थी और अन्य तीन लोग घायल हो गये थे।

## पापुआ न्यू गिनी में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**पोर्ट मोरेस्बीः** पापुआ न्यू गिनी के न्यू आयरलैंड क्षेत्र में सोमवार को तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 बतायी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीनविच मीन टाइम (जीएमटी) के मुताबिक आज 07:43 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रती 5.8 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र, 3.92 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 150.73 डिग्री पूर्वी देशांतर पर सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

## आयकर अधिकारियों ने फार्मा कंपनी पर छापा मारा

**हैदराबादः** तेलंगाना के शहर हैदरबाद में आयकर (आईटी) अधिकारियों ने आईटी लेनदेन में अनियमितताओं की रिपोर्ट के बाद सोमवार को शहर की एक प्रमुख दवा कंपनी के निदेशकों, कर्मचारियों और कार्यालयों के आवासों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने समूह बनाए और एक साथ विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी ली, जिनमें रामचंद्र पुरम, नागुलापल्ली, अमीनपुर में पटेलगुडा और गाचीबोवली में माई होम भूजा शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, वे वर्तमान में आर्थिक लेनदेन की जांच कर रहे हैं। निदेशक इस्माइल अल-थवाबतेह ने शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुल मौतों में से 4,609 बच्चे और 3,100 महिलाएं थीं, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए थे। अल-थवाबतेह ने कहा कि इजरायली हमलों और बिजली जनरेटर संचालित करने के लिए आवश्यक ईंधन की कमी के कारण गाजा में 22 अस्पतालों और 49 स्वास्थ्य केंद्रों ने संचालन बंद कर दिया है।

## गाजा में मौत का आंकड़ा बढ़कर 11,180 हुआ

**गाजाः** गाजा पट्टी पर सात अक्टूबर से संघर्ष शुरू होने के बाद से इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या 11,180 हो गई है। गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय के निदेशक इस्माइल अल-थवाबतेह ने शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुल मौतों में से 4,609 बच्चे और 3,100 महिलाएं थीं, जबकि 28,000 से अधिक अन्य घायल हुए थे। अल-थवाबतेह ने कहा कि इजरायली हमलों और बिजली जनरेटर संचालित करने के लिए आवश्यक ईंधन की कमी के कारण गाजा में 22 अस्पतालों और 49 स्वास्थ्य केंद्रों ने संचालन बंद कर दिया है। उन्होंने इजराइल पर गहन देखभाल इकाई, सर्जरी भवन और शिफ़ा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के प्रसूति वार्ड पर हमले शुरू करने का आरोप लगाया और गाजा में लड़ाई को रोकने और यहां के लोगों को ईंधन सहित सभी मानवीय आपूर्ति लाने के लिए तत्काल वैश्विक प्रयास का आह्वान किया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › राहुल गांधी की राजनीतिक चाल में फंसे हैं मोदी

# राहुल ने पूरे ओबीसी को चोर कहा है: मोदी

- पंचायत से संसद तक काम नहीं किया
- हमारे कामों का विरोध करना काम है
- बघेल सरकार में सिर्फ भ्रष्टाचार है

राष्ट्रीय खबर



**महासमुन्द/मुंगेलीः** जैसे जैसे चुनाव प्रचार की गाड़ी आगे बढ़ रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हर जनसभा में अब ओबीसी का जिक्र करना पड़ रहा है। दरअसल बिहार में जातिगत जनगणना लागू होने के तुरंत बाद राहुल गांधी ने ओबीसी को लेकर कई तथ्य ऐसे रखे हैं, जिनका चुनावी असर हो रहा है, इसे भाजपा भी समझ चुकी है। इसलिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अब प्रधानमंत्री मोदी को राहुल गांधी की चाल का उत्तर देना पड़ रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है वरना इससे पहले भाजपा चालें चलती थी और राहुल गांधी सहित अन्य विरोधी नेता उस हमले का बचाव किया है।

यहां की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाति जनगणना और ओबीसी की बात करने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बगैर उनका नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि जो आज मोदी की जाति बताते घूम रहे है,वहीं मोदी के बहाने पिछले चुनावों में पूरे ओबीसी समाज को चोर कह चुके है। इसके जरिए वह जनता को याद दिलाना चाहते थे कि पहले राहुल गांधी यह कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री चोर है। इसके अलावा सभी चोरों का पदवी मोदी क्यों होता है बोलने पर ही उनकी सदस्यता रद्द की गयी थी।

श्री मोदी ने आज मुंगेली और महासमुन्द में अलग अलग बड़ी चुनावी सभाओं में कहा कि, एक महाज्ञानी नेता आजकल सभाओं में मोदी का जाति का बयान करते रहते है,इससे पहले यहीं मोदी के बहाने पिछले चुनावों में पूरे ओबीसी समाज को चोर कह चुके है। इन्होंने साहू समाज के साथ पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में क्या किया,क्या किसी से छुपा है। उन्होने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक में कांग्रेस ने लम्बे समय तक राज किया लेकिन ओबीसी समाज को उसने आरक्षण नही दिया। उन्होने ओबीसी की आज बात करने वालों ने दशकों तक ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा नही दिया,मेडिकल कालेजों में ओबीसी बच्चों को आरक्षण नही दिया। यह सब काम करने की गारंटी मोदी ने दी थी जिसे उन्होने पूरा करने दिखा दिया।

उन्होंने कहा कि मोदी का विरोध ही कांग्रेस का लक्ष्य है और उनकी हर योजना और काम का विरोध करना इनका काम है। उन्होने कहा कि गांव गरीब और आदिवासियों को लक्ष्य रखकर वोकल फार लोकल का नारा उन्होने दिया उसके पक्ष में भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तक कांग्रेस ने नही लिखी। श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने इस राज्य को बनाया है और वहीं इसे ›› पेज 2 भी देखें

अयोध्या ने दीप जलाने में अपना पूर्व रिकार्ड तोड़ा

## मंदिर उद्घाटन के पूर्व 24 लाख दीपक जले



राष्ट्रीय खबर

**लखनऊः** अयोध्या में शाही दिवाली के मौके पर तथा राम मंदिर के उद्घाटन के माहौल में नदी तट पर जलाए गये 24 लाख दीपक। पिछले साल दिवाली से पहले अयोध्या में 16 लाख दीये जलाए गए थे. लेकिन राम मंदिर का उद्घाटन आसन्न है. इसलिए इस साल की दिवाली का एक अलग ही महत्व है. इसके चलते दीयों की संख्या भी बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश सरकार अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में शाही दीपोत्सव मनाया।

शनिवार रात सरयू नदी के तट पर 24 लाख मिट्टी के दीपक जलाए गये, जो पूरी दुनिया में एक मिसाल कायम करने वाली है. पिछले साल दिवाली से पहले अयोध्या में 16 लाख दीये जलाए गए थे. हालाँकि, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा है कि इस साल दिवाली की भव्यता में अयोध्या पिछली सभी मिसालों को पीछे छोड़ गयी। राम मंदिर का उद्घाटन आसन्न है. इसलिए यह दिवाली बहुत महत्वपूर्ण है. इससे पहले दुनिया में कहीं भी एक जगह पर इतनी रोशनी नहीं जलाई गई थी। दिवाली के मौके पर अयोध्या नगरी को रोशनी से सजाया गया है। लेजर लाइट से लेकर छोटे-बड़े बल्बों तक, अयोध्या की रोशनी ध्यान खींचने वाली है। दिवाली से एक रात पहले शनिवार को शहर में विशेष आयोजन किया जाता है. यह कार्यक्रम 14 साल के वनवास के बाद राम, सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने की कहानी को फिर से प्रदर्शित करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मौजूद थे। शनिवार को शहर में लाइट एंड साउंड शो का भी आयोजन किया गया। सरकार की ओर से एक जुलूस का भी आयोजन किया गया है. जुलूस में रामायण के विभिन्न अध्यायों को दशार्ने वाली 16 कारें थी। सरकार ने उत्तर प्रदेश की आम जनता को इस शाही उत्सव में शामिल होने का मौका दिया है. निवासी 24 लाख दीपक खरीद सकते हैं जो दीप महोत्सव के दौरान नदी के तट पर जलाए गये। आम लोगों ›› पेज 2 भी देखें

## मोदी सरकार के विश्वासघात से युवा तंग आ गये: खडगे

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्लीः** कांग्रेस ने सोमवार को मोदी सरकार और भाजपा पर भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को कुचलने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तेलंगाना में एक हालिया घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक युवा महिला बिजली के खंभे पर चढ़ गई और एक रैली में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ बताने की कोशिश की, उन्होंने कहा, युवा भारत मोदी सरकार के विश्वासघात से तंग आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी को पिछले सप्ताह रैली में अपना भाषण बीच में रोकना पड़ा था जब उन्होंने एक युवती को एक इमारत पर चढ़ते हुए देखा था जिस पर लाइटें लगी हुई थीं। उसने बार-बार युवती से नीचे आने का अनुरोध किया और कहा कि बिजली के तारों की हालत अच्छी नहीं लग रही है। जब वह पीएम मोदी को कुछ बताने की कोशिश कर रही थीं, तो उन्होंने हिंदी में कहा, बेटा, मैं तुम्हारी बात सुनूंगा। कृपया नीचे आओ और बैठो। शॉर्ट-सर्किट हो सकता है। यह सही नहीं है। मैं आप लोगों के लिए आया हूं। एक्स पर एक पोस्ट में, श्री खड़गे ने आरोप लगाया कि युवा भारतीय नौकरियों की आकांक्षा रखते हैं, लेकिन बदले में उन्हें 45 साल की सबसे ऊंची बेरोजगारी दर मिलती है।

उन्होंने कहा, वे आर्थिक सशक्तिकरण चाहते थे, लेकिन बदले में भाजपा ने कमरतोड़ महंगाई बढ़ा दी, जिससे उनकी बचत 47 साल के निचले स्तर पर आ गई। उन्होंने कहा, वे सामाजिक और आर्थिक न्याय के लिए तरस रहे थे, लेकिन बदले में मोदी सरकार ने उन्हें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता दी। सबसे अमीर 5 प्रतिशत भारतीयों के पास भारत की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है, जबकि मध्यम वर्ग और गरीब पीड़ित हैं। कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया, उन्होंने हमारी महिलाओं और बच्चों के लिए एक सुरक्षित भारत के लिए प्रयास किया, लेकिन महिलाओं, बच्चों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के खिलाफ अपराध दुःखद रूप से कई गुना बढ़ गए हैं। श्री खड़गे ने कहा, वे हमारे जैसे विविधतापूर्ण देश में एकता और सद्भाव चाहते थे, लेकिन उन्हें नफरत और विभाजन मिला। मोदी सरकार और भाजपा भारत के युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को

## अभिभावकों की देखभाल भी एक जिम्मेदारी है: कर्नाटक हाईकोर्ट



राष्ट्रीय खबर

**बेंगलुरुः** मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी वराले और न्यायमूर्ति कृष्ण एस दीक्षित की खंडपीठ ने एक बेटी द्वारा दायर रिट अपील को खारिज करते हुए अपने आदेश में कहा, यह दायित्व तब और अधिक प्रबल हो जाता है जब बच्चों ने उपहार के रूप में माता-पिता की संपत्ति ली हो। वृद्ध पिता और माता की देखभाल का दायित्व कोई दान का मामला नहीं है, बल्कि एक वैधानिक दायित्व है। सहस्राब्दियों से इस देश के धर्मग्रंथों में रक्षन्ति स्थविरे पुत्र का आदेश दिया गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ है कि बेटों को अपने जीवन की शाम को अपने माता-पिता की देखभाल करनी चाहिए, पीठ ने कहा।

पीठ ने आगे कहा, यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र ने भी 16 दिसंबर,1991 को अपनाए गए अपने महासभा संकल्प 46/1991 के तहत यही प्रावधान किया है। अपीलकर्ता कविता आर राजशेखरैया (अब दिवंगत) और निर्मला की बेटी हैं। कविता की शादी तुमकुरु जिले के बसवपटना गांव के रहने वाले योगेश से हुई है। 28 सितंबर, 2018 को एक उपहार विलेख के माध्यम से, राजशेखरैया ने संपत्ति अपनी बेटी को दे दी थी। बाद में उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत सहायक आयुक्त के समक्ष एक याचिका दायर की।

मिजोरम में 37 घायल सहित 298 नये शरणार्थी आये

## म्यांमार की सेना ने सीमा पर गिराये बम

- सीमा पर विद्रोही-संगठनों के कैंप पर हवाई हमला
- म्यांमार में तख्तापलट ने क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ायी
- मानवाधिकार संगठन ने कहा कि पांच कैडर मारे गये

भूपेन गोस्वामी



**गुवाहाटी :** म्यांमार सेना के फाइटर जेट ने 13 नवंबर की सुबह मिजोरम सीमा के पास बम गिराया था। म्यांमार सेना के लड़ाकू विमानों ने आज सुबह भारतीय सीमा के निकट दो बम गिराए। भारतीय सेना के आधिकारिक सूत्र ने कहा कि चाइना नेशनल आर्मी ने म्यांमार के सैन्य शासन के खिलाफ विद्रोह शुरू कर दिया है। सीएनए का मुख्यालय विक्टोरिया कैंप में है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम के साथ म्यांमार की सीमा पर है। म्यांमार की सेना ने इस मुख्यालय पर अपने फाइटर जेट्स से बम गिराए हैं। म्यांमार की सेना ने भारत के मिजोरम से लगी सीमा पर विद्रोही-संगठनों के कैंप पर हवाई हमला किया है। इस हमले में म्यांमार के विद्रोही संगठनों से जुड़े कुछ लोगों के हताहत होने की खबर है। म्यांमार सेना का एक गोला मिजोरम के चंफाई के एक गांव में गिरा। हालांकि भारत की सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने साफ किया है कि इस एयर-स्ट्राइक से भारत की सीमा में कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि, सीमा के पास नदी के किनारे एक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। सूत्रों के अनुसार, मिजोरम से 4 किलोमीटर दूर भारत-म्यांमार सीमा के पास म्यांमार सेना और चिनलैंड डिफेंस फोर्स के बीच भारी ›› पेज 2 भी देखें

**जलवायु परिवर्तन** › जलवायु परिवर्तन अब प्रस्तावित विकास का गंभीर विषय

# भविष्य के शहरों को कैसे तैयार किया जाए

- चरम चुनौती का सामना करना होगा
- भीषण गर्मी से भी दो चार होना होगा
- योजना सिर्फ जोखिम को कम करना

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** दुनिया में जलवायु परिवर्तन दिनोंदिन गंभीर रुप अख्तियार करता जा रहा है। इसके अलावा यह भी तय माना जा रहा है कि ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से समुद्री तट के करीब बसे अनेक शहर डूब जाएंगे। ऐसे में भविष्य के किसी शहर को नये सिरे से बनाने और बसाने के लिए इसे ध्यान में रखना होगा। वैज्ञानिक अब मान रहे हैं कि अच्छी तरह से डिजाइन किए गए शहरी भूमि पैटर्न चरम मौसम के प्रति जनसंख्या जोखिम को कम कर सकते हैं जलवायु परिवर्तन के तहत संयुक्त राज्य भर में मौसम की चरम सीमाएँ, जैसे लू और मूसलाधार बारिश, लगातार और अधिक तीव्र होती जा रही हैं।

इस साल सितंबर के अंत में, न्यूयॉर्क शहर में पड़ोस की सड़कों और सबवे सीढ़ियों पर अचानक बाढ़ आ गई, क्योंकि ऐतिहासिक बारिश के कारण उड़ानें रद्द कर दी गईं और सड़कें बंद हो गईं और शहर के अधिकारियों ने लोगों से घर पर रहने या जगह पर आश्रय लेने का आग्रह किया। शहर के कुछ इलाकों में एक दिन में 2.58 इंच तक बारिश हुई, जो शहर की सीवर प्रणाली की अधिकतम क्षमता से लगभग 50 प्रतिशत अधिक है, जिससे कई निचले इलाकों के घरों और व्यवसायों के लिए अपशिष्ट जल की समस्या पैदा हो गई है। इस विचार का पता लगाने के लिए, डेलावेयर विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जिंग गाओ, पृथ्वी, महासागर और पर्यावरण कॉलेज में सहायक प्रोफेसर और डेटा साइंस इंस्टीट्यूट में एक निवासी संकाय सदस्य, और सहयोगी मेलिसा बुकोव्स्की, हाउब स्कूल ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचुरल रिसोर्सेज में एसोसिएट प्रोफेसर व्योमिंग विश्वविद्यालय में, जांच की गई कि शहरी भूमि और जनसंख्या में परिवर्तन 21वीं सदी के अंत में जलवायु परिस्थितियों के तहत मौसम की चरम स्थितियों के प्रति भविष्य की आबादी के जोखिम ›› पेज 2 भी देखें

## अचानक गुलाबी हो गया हवाई द्वीप का तालाब

राष्ट्रीय खबर



**माउई काइंटीः** हवाई में एक तालाब किसी परी कथा जैसा रंग दिखा रहा है। माउई द्वीप पर कुछ तटीय नमक दलदलों में से एक, केलिया तालाब राष्ट्रीय वन्यजीव शरण में पानी, कम से कम 30 अक्टूबर से चमकीला गुलाबी हो गया है, अधिकारियों का कहना है, अत्यधिक सूखे के बीच इसकी नमक सामग्री में वृद्धि के बाद। यूएस फिश एंड वाइल्डलाइफ सर्विस के अनुसार, हवाई विश्वविद्यालय को भेजे गए पानी के नमूनों से पता चलता है कि तालाब के नए मैजेंटा रंग के पीछे हेलोबैक्टीरिया है। यह हेलोबैक्टीरिया एककोशिकीय जीव हैं जो ग्रेट साल्ट लेक और मृत सागर जैसे बहुत खारे पानी में पनपते हैं। मछली और वन्यजीवों ने उल्लेख किया है कि इस तरह के चरम वातावरण में रहने की क्षमता के कारण जीवाणु को तथाकथित ›› पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

### धनबाद एसपी बीसीसीएल के दावे की जांच कर दें रिपोर्ट

**रांची:** बीसीसीएल के सेवानिवृत कर्मी को रिटायरमेंट बेनिफिट नहीं दिए जाने मामले में दायर आवमानना याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद एसपी को बीसीसीएल द्वारा किए गए दावे पर जांच कर रिपोर्ट दाखिल करने को का निर्देश दिया है।बीसीसीएल की ओर से कहा गया है कि सेवानिवृत्त कर्मी अनिल प्रसाद जो बीसीसीएल मेन कॉलोनी, सुदामडीह, पाथरडीह में रहते हैं, उन्होंने बीसीसीएल का आवास खाली नहीं किया है, उस आवास में उनके द्वारा खटाल चलाया जा रहा है। बीसीसीएल की ओर से क्वार्टर खाली नहीं होने के अपने दावे पर कुछ फोटोग्राफ भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। कोर्ट ने इस संदर्भ में धनबाद एसपी को जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट में धनबाद एसपी से पूछा है कि अनिल प्रसाद ने बीसीसीएल का क्वार्टर खाली किया है या नहीं।

**दौरा** पीएम के झारखंड दौरे के शेड्यूल में बदलाव को

# जेएमएम, कांग्रेस और राजद ने बताया झारखंड भाजपा की कमजोरी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंचेंगे। अब तक के तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर की शाम ही रांची पहुंच जाएंगे। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से राजभवन जाएंगे, जहां उनका रात्रि विश्राम होगा। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सड़क की दोनों ओर भाजपा के नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले से तय कार्यक्रम से एक दिन पहले रांची आगमन और राजभवन में रात्रि विश्राम को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने प्रतिक्रिया दी है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में बदलाव पर जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड भाजपा की कमजोर स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री को यह फैसला लेना पड़ा है। वहीं राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता यादव ने कहा कि महागठबंधन और इंडिया दलों की मजबूती को भांप चुके प्रधानमंत्री को हर जगह सड़क पर उतरना पड़ रहा है, लेकिन उसका कोई असर झारखंड की धरती पर नहीं दिखेगा। वहीं कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने कहा कि राज्य और देशभर में भाजपा की जो स्थिति बनी है उसमें पीएम मोदी की यात्रा राजनीतिक रूप से प्रभावहीन रहेगी।पीएम मोदी का जनजातीय गौरव दिवस से एक दिन पहले आने, रांची में सड़क मार्ग से राजभवन जाने और उस दौरान सड़क के दोनों किनारे पर खड़ा होकर भाजपा के कार्यकताओं द्वारा स्वागत करने के कार्यक्रम को प्रदेश भाजपा की कमजोरी करार देते हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व वाली भाजपा चार खंडों में बंटी है। जिसको एक सूत्र में बांधने के लिए पीएम कोशिश कर रहे हैं।झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने पीएम मोदी के झारखंड दौरे में बदलाव पर कहा कि राज्य की जनता को पीएम के दौरे से ज्यादा इस बात पर ध्यान है कि राज्य के विकास की किन योजनाओं को रोका गया है, राज्य विधानसभा से पारित प्रस्ताव पर क्या रुख रहता है।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि झारखंड की धरती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरना धर्म कोड, झारखंड के बकाया 01 लाख 36 हजार करोड़ की राशि, ओबीसी आरक्षण, 32 खतियान आधारित स्थानीय नीति पर अपनी राय स्पष्ट करें तो राज्यवासियों को यह महसूस होगा कि प्रधानमंत्री राज्य और राज्यवासियों के हितों का ख्याल रखते हैं। अन्यथा उन्हें और झारखंड भाजपा नेतृत्व को पता है कि झारखंड में हेमंत सोरेन का खूंटा इतना मजबूत है कि पीएम मोदी की खूंटी यात्रा से भाजपा को कोई फायदा नहीं होने वाला है।

पीएम से इस मुद्दे पर बात करने की अपील की

## वामदलों ने एचईसी को बचाने के लिये सीएम को पत्र लिखकर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** एचईसी बचाने के लिये वामदलों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र सीपीआईएम, भाकपा माले, मासस, फॉरवर्ड ब्लॉक, आरएसपी की ओर से लिखा गया। पत्र में वामदलों की ओर से अनुरोध किया गया है कि एचईसी को पूंजी और प्लांट के आधुनिकीकरण के अभाव में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि एचईसी के पास कायार्देश का अभाव नहीं है।उत्पादन बढ़ाने के लिए आर्थिक संकट के बावजूद एचईसी ने हाल ही में इसरो के लिए चंद्रयान 3 का लांचिंग पैड तैयार किया और इतना ही नहीं आदित्य आर 1 के प्रक्षेपण में भी योगदान किया है। एचईसी संकट की स्थिति में है। कई इस्पात कारखानों और रक्षा उपकरण बनाने वाली इकाइयों से काफी कायार्देश मिलने के बावजूद प्लांट का आधुनिकीकरण नहीं होने, किसी भी बैंक का कोई बकाया न होने के बावजूद बैंक गारंटी बंद होने और कार्यशील पूंजी के अभाव में एचईसी कायार्देश को पूरा करने में असमर्थ है।

नौशाद आलम को समन भेजकर 22 नवंबर को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया

## पंकज मिश्रा और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को साहिबगंज पुलिस ने फॉल्स बताया !

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन को लेकर एसटी-एससी थाने में दर्ज कांड संख्या 6/22 को साहिबगंज पुलिस ने सुपरविजन में असत्य करार दिया है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आयी है। सूत्रों की मानें, तो ईडी इस मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से पूछताछ कर सकती है। ईडी ने नौशाद आलम को समन भेजकर 22 नवंबर को रांची जोनल ऑफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। पूछताछ में खुलासा हो सकता है कि एसपी ने इस केस को कैसे झूठा करार दिया। इधर सीबीआई की भी इस मामले में जांच पड़ताल जारी है।बता दें कि विजय हांसदा ने साल 2022 में साहिबगंज नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन की शिकायत की थी। कोर्ट में दायर शिकायतवाद में विजय हांसदा ने बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा समेत अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। वहीं दिसंबर 2022 में इस मामले में केस दर्ज किया था।ईडी का महत्वपूर्ण गवाह विजय हांसदा बीते 12 सितंबर को कोर्ट में अपने पूर्व के बयान से मुकर गया था। हांसदा बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक गवाही देने कोर्ट आ गया था, जबकि ईडी ने उसे गवाही के लिए समन भी नहीं किया था। हालांकि विजय हांसदा की गवाही पूरी नहीं हो सकी थी। इससे पूर्व इस मामले में दो लोगों की गवाही दर्ज की जा चुकी है। मामले की सुनवाई ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चल रही है। बता दें कि 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में पंकज मिश्रा के साथ ही प्रेम प्रकाश, बच्चू यादव, पशुपति यादव व कृष्णा साहा ट्रायल फेस कर रहे हैं। पंकज मिश्रा बीते 19 जुलाई 2022 से जेल में बंद है।

## 2026 तक पूरा होगा कांटाटोली- सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ने का काम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कांटाटोली व सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ने के लिए 1.25 किमी तक नया फोर लेन फ्लाईओवर बनाया जायेगा। करीब 39 नये पीलर बनेंगे। 213 करोड़ में इसकी स्वीकृति भी मिल गयी है। पथ निर्माण विभाग अब इसके निर्माण के लिए भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा। इसके बाद टेंडर इत्यादि की प्रक्रिया पूरी कर काम प्रारंभ होगा। यह माना जा रहा है कि वर्ष 2025-26 तक यह काम पूरा हो पायेगा।प्रस्तावित फ्लाईओवर बहुबाजार चौक से 120 मीटर पहले बालाजी फ्यूल्स एचपी पेट्रोल पंप के पास से शुरू होता है और पटेल चौक से पहले पंतजलि स्टोर के पास समाप्त होता है। यह फ्लाईओवर बहुबाजार के पास निमार्णाधीन कोकर- कांटाटोली-बहुबाजार फ्लाईओवर जिसका निर्माण जुडको करा है, को पटेल चौक के पास निमार्णाधीन मेकॉन-राजेंद्र चौक- सिरमटोली फ्लाईओवर जिसका निर्माण पथ निर्माण विभाग से करा रहे हैं उससे जुड़ेगा।यह फ्लाईओवर पुराने हजारीबाग रोड पर प्रस्तवित है जो पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। सिरमटोली जंक्शन पर वर्तमान पीक आवर ट्रैफिक 16,733 पीसीयू पर आवर है जो इस जंक्शन पर फ्लाईओवर के लिए आवश्यक 10000 पीसीयू, घंटा की सीमा से अधिक है। यह फोरलेन फ्लाईओवर लंबी दूरी के यातायात के लिए उपयोगी होगी।कोकर, रामगढ़, हजारीबाग, कांटाटोली इत्यादि से आने वाले ओर नामकुम, डोरंडा, धुर्वा, बिरसा चौक आदि की ओर जाने वाले यातायात का आवागमन सिरमटोली चौक पर उतरे बिना एलिवेटेड फ्लाईओवर द्वारा किया जा सकेगा। कोकर-कांटाटोली जाने वाला यातायात जिसे सुजाता चौक या चुटिया, रेलले स्टेशन और बहुबाजार की ओर जाने के लिए बीच का रैंप का उपयोग करेंगे।प्रस्तावित चार लेन फ्लाईओवर के निर्माण के बाद सिरमटोली जंक्शन पर यातायात की घनत्व 56 प्रतिशत कम हो जायेगी।

इस प्रकार ट्रैफिक समस्या कम हो जायेगी और मौजूदा ग्रेड जंक्शन पर यातायात का भार कम हो जायेगा। जिससे सुरक्षित एवं सुगम यातायात हो सकेगा।प्रस्तवित फ्लाईओवर निर्माण में भू-अर्जन सहित 213.35 करोड़ की राशि खर्च होगी। इसमें सिर्फ भू-अर्जन में 25.59 करोड़, 4.03 करोड़ यूटिलिटी शिफ्टिंग, वाटर सप्लाई के यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए 20 करोड़ व बिजली के काम के लिए 20 करोड़ खर्च होगा। इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4267.1972 लाख, 2024-25 में 12801.5916 लाख रुपये, 2025-26 में 4267.1982 लाख रुपये खर्च किए जायेंगे।

## कांग्रेस सांसद गीता कोड़ा मिलीं राज्यपाल से, कोल्हान विवि में स्थायी कुलपति की मांग



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष और चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलीं और मांग पत्र सौंपा। उन्होंने राज्यपाल से कोल्हान विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नियुक्ति की मांग की। उन्होंने कहा कि कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा में कुलपति, प्रति कुलपति सहित अन्य पदों पर स्थायी पदाधिकारियों की नियुक्ति जरूरी है। राज्यपाल ने उनकी मांगों पर विचार करते हुए आश्वस्त किया की जल्द ही स्थायी कुलपति की नियुक्ति की जाएगी। मालूम हो कि कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रति कुलपति का पद पिछले मई और जून 2023 से ही रिक्त है। फिलहाल कुलपति के प्रभार में कोल्हान आयुक्त हैं। ऐसी स्थिति में इस विश्वविद्यालय के 54 डिग्री कॉलेजों में अध्ययनरत 80000 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**प्रदर्शन** प्रधानमंत्री 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू का दौरा

## झामुमो और कांग्रेस ने उठायी सरना धर्म कोड और एचईसी के लिए पैकेज की मांग

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी जिले के उलिहातू का दौरा करेंगे। राज्य स्थापना दिवस और जनजातीय गौरव दिवस के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली पहुंचेंगे। इसके बाद एक जनसभा को भी प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित झारखंड दौरे को लेकर राज्य में सत्ताधारी पार्टी झामुमो, कांग्रेस और राजद की ओर से बयानबाजी शुरू हो गई है। झामुमो-कांग्रेस ने तो पीएम से उलिहातू की धरती से ही आगामी जनगणना में अलग सरना धर्म कोड की घोषणा करने की मांग कर दी है। वहीं एचईसी को बचाने के लिए पैकेज की भी उम्मीद जताई है।अब सवाल यह उठता है कि आखिर झामुमो और कांग्रेस ने पीएम के झारखंड दौरे के समय सरना धर्म कोड की मांग क्यों तेज कर दी है। इस सवाल को जानने के लिए ईटीवी भारत ने राज्य की राजनीति को समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार से बात की। वरिष्ठ पत्रकार राजेश कुमार ने कहा कि जनजातीय पहचान वाला राज्य झारखंड में झामुमो और कांग्रेस सरना धर्म कोड की मांग उठा कर एक तीर से कई निशाना साधना चाह रही है। वरिष्ठ पत्रकार कहते हैं कि राज्य में बड़ी आबादी अनुसूचित जनजाति की है। ऐसे में पीएम के आगमन से पहले सरना धर्म कोड की मांग उठाकर झामुमो और कांग्रेस एक ओर जहां भाजपा पर राजनीतिक दवाब बनाना चाह रही है, वहीं दूसरी ओर अनुसूचित जनजाति के लोगों में यह संदेश भी देना चाहती है कि सरना धर्म कोड के वे समर्थक हैं, लेकिन भाजपा ही नहीं चाहती कि आगे जब भी जनगणना हो तब अलग से सरना धर्म का कोड हो।झारखंड की राजनीति को समझने वाले एक और वरिष्ठ पत्रकार सतेंद्र सिंह कहते हैं कि राज्य की कांग्रेस और झामुमो पार्टी को यह भी लगता है कि खूंटी के उलिहातू से जो संदेश पीएम मोदी देंगे उसका चाहे-अनचाहे असर पड़ोसी राज्य छतीसगढ़ के चुनाव पर पड़ना ही है, जहां 17 नवंबर को चुनाव होना है। ऐसे में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सरना धर्म कोड जैसे भावनात्मक मुद्दे के साथ साथ अब एचईसी को बचाने का मुद्दा उठाना शुरू कर दिया है, ताकि जब पीएम मोदी जनजातीय गौरव दिवस पर अपने संबोधन में अनुसूचित जनजाति के कल्याण की बातें करें, तब भी उस समाज के लोगों का ध्यान सरना धर्म कोड पर बनी रहे। राज्य में करीब 26% आबादी जनजातीय समुदाय की है और अलग-अलग संगठन बनाकर जनजातीय समुदाय का एक वर्ग अलग सरना धर्म कोड की मांग करता रहा है। एक बड़े वर्ग की भावनाओं से जुड़े होने की वजह से झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार ने विधानसभा से अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव पारित कर राजभवन भी भेज चुकी है। झारखंड भाजपा ने भी कभी अलग सरना धर्म कोड का विरोध नहीं किया है, लेकिन बीजेपी नेताओं का तर्क है कि अलग सरना धर्म कोड बनने से पहले यह साफ हो जाना चाहिए कि जो भी जनजातीय समाज के लोग ईसाई या अन्य धर्म अपना लिए हैं उन्हें फिर शेड्यूल ट्राइब के लिए मिलने वाला आरक्षण और अन्य लाभ से अलग कर दिया जाए।जब पीएम नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे पर आएंगे, तब उनके संबोधन के केंद्र में क्या होगा यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। तब तक के लिए राज्य की सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद ने अलग सरना धर्म कोड की भावनात्मक मांग पर राजनीतिक चाल तो चल ही दी है।

## न्यूज फटाफट

### रांची में पीएम का होगा भव्य स्वागत, भाजपा ने नियुक्त किये प्रभारी

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा के नेताओं की अहम बैठक बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , सांसद दीपक प्रकाश, महामंत्री और सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,बालमुकुंद सहाय ,सांसद संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल सहित रांची महानगर और रांची ग्रामीण जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,जिला पदाधिकारी,जिला एवम मंडलों के अध्यक्ष,महामंत्री,मोर्चो के अध्यक्ष ,महामंत्री शामिल हुए। बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री का रांची, खूंटी और उलिहातू में पार्टी नेताओं के द्वारा भव्य स्वागत होगा। कुल दस स्थानों पर उनका स्वागत किया। सभी स्थानों पर राज्य की सांस्कृतिक पहचान नृत्य संगीत मंडली के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत होगा।

## पेज एक का शेष

### राहुल ने पूरे ओबीसी को .. ..

संवारेगी। उन्होने कहा कि आज दुनिया की कम्पनियां भारत में निवेश करने और आने को आतुर है,इसका लाभ छत्तीसगढ़ को भी मिले इसके लिए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनना जरूरी है। उन्होने कहा कि कांग्रेस के पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में हिंसा,गुंडागर्दी चरम पर है,इस पर रोक भाजपा ही लगा सकती है। जहां भी भाजपा सरकारे है वहां गुंडे डरने लगे है। उन्होने कहा कि भाजपा ने राज्य में जो भी चुनावी गारंटी दी है वह पूरी होगी यह मोदी की गारंटी है। उन्होने आरोप लगाया कि भूपेश सरकार ने पांच वर्षों में केन्द्र की सभी गरीबोन्मुखी योजनाओं को रोकने का काम किया और एक मात्र कार्य छत्तीसगढ़ को लूटने का किया। उन्होने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में कट की संभावना नही दिखने पर इसे रोकने का काम भूपेश सरकार ने किया। उन्होने कहा कि यूपीए की रिमोट वाली सरकार से दोगुना पैसा उनकी सरकार ने ग्रामीण सड़को के लिए दिया लेकिन वह सभी बदहाल है। श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस द्वारा ढाई ढाई साल के मुख्यमंत्री का एग्रीमेंट होने का दावा किया और तंज कसा कि कोई पार्टी ऐसी भी दिखी जिसने घर में ही एग्रीमेंट कर लिया।

### मंदिर उदघाटन के पूर्व .. .. ..

को इस अभियान से जोड़े के लिए एक जीपक की कीमत 51 रुपये रखी गयी थी। अनेक लोगों ने इस मौके का लाभ उठाते हुए अपने स्तर पर भुगतान कर वहां दीप जलाये। इस वजह से भी दीप जलाने का यह कार्यक्रम इतना बड़ा हो गया।

### म्यांमार की सेना ने सीमा पर .. ..

गोलीबारी चल रही है। भारतीय सेना के आधिकारिक सूत्र ने बताया कि म्यांमार सेना के फाइटर जेट ने 13 नवंबर की सुबह मिजोरम सीमा के पास बम गिराया। म्यांमार सेना के लड़ाकू विमानों ने आज सुबह भारतीय सीमा के निकट दो बम गिराए। म्यांमार के अन्य हिस्सों में इसी तरह की हवाई बमबारी से बांग्लादेश और थाईलैंड के साथ तनाव बढ़ गया है। म्यांमार की सेना ने चिन राज्य के कैंप विक्टोरिया पर रविवार दोपहर हवाई हमले शुरू किए और यह रात भर जारी रहा। चीन मानवाधिकार संगठन ने कहा कि हमलों में दो महिलाओं सहित उसके पांच कैडर मारे गए। यह छापेमारी सोमवार 13 नवंबर को भी की गई थी।
चीन नेशनल आर्मी ने म्यांमार के सैन्य शासन के खिलाफ विद्रोह छेड़ रखा है। सीएनए का मुख्यालय विक्टोरिया कैंप में है, जो भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम के साथ म्यांमार की सीमा पर है। म्यांमार की सेना ने इस मुख्यालय पर अपने फाइटर जेट्स से बम गिराए हैं। अधिकारियों ने जोखावथार के पास म्यांमार सीमा के पास के निवासियों को घर पर रहने की सलाह दी है। इस घटना के बाद और अधिक शरणार्थियों ने मिजोरम में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। कल शुरू हुई गोलीबारी के बाद से करीब 298 नए शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। शरणार्थियों या सीडीएफ लड़ाकों के लगभग 37 घायल व्यक्तियों ने मिजोरम में प्रवेश किया। कुछ ने चंफाई के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया।

### भविष्य के शहरों को कैसे .. ..

को कैसे प्रभावित करेगा। शोधकताओं ने महाद्वीपीय संयुक्त राज्य भर में शहरी क्षेत्रों को देखा, जिसमें विभिन्न विकास घनत्व वाले और विभिन्न जलवायु क्षेत्रों वाले बड़े और छोटे शहर शामिल थे। उन्होंने पिछले 40 वर्षों में देखे गए विकास के रुझानों के आधार पर यह अनुमान लगाने के लिए गाओ द्वारा विकसित डेटा-संचालित मॉडल का उपयोग किया कि 2100 तक देश भर के शहरी क्षेत्र कैसे बढ़ेगे। अनुसंधान दल ने इस बात पर विचार किया कि ये शहरी भूमि परिवर्तन गर्मी की लहरों, शीत लहरों, भारी वर्षा और गंभीर तूफान जैसी मौसम की चरम स्थितियों को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। फिर उन्होंने विश्लेषण किया कि सदी के अंत में विभिन्न जलवायु और शहरी विकास स्थितियों के तहत कितने लोग इन चरम स्थितियों के संपर्क में आएंगे। ये निष्कर्ष सभी शहरों पर लागू होते हैं।
गाओ ने कहा, शहर के आकार के बावजूद, अच्छी तरह से योजनाबद्ध शहरी भूमि पैटर्न चरम मौसम के कारण आबादी के जोखिम को कम कर सकता है। दूसरे शब्दों में, बड़े और छोटे शहर अपने भूमि विकास की बेहतर व्यवस्था करके मौसम की चरम सीमा के कारण होने वाले जोखिम को कम कर सकते हैं। गाओ ने चरम मौसम के जोखिमों पर जलवायु परिवर्तन और शहरी भूमि पैटर्न के प्रभावों की तुलना किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम पर उनके आहार और गतिविधि स्तर के प्रभावों से की। उन्होंने कहा, उचित रूप से डिजाइन किए गए शहरी भूमि पैटर्न शारीरिक व्यायाम की तरह हैं जो खराब आहार विकल्पों का प्रतिकार करने के लिए काम करते हैं, बीमारी के जोखिम को कम करने में योगदान करते हैं, जबकि एक व्यक्ति को सामान्य रूप से अधिक फिट बनने में मदद करते हैं। गाओ ने कहा, सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए शहरी भूमि पैटर्न जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप मौसम की चरम सीमा के कारण जनसंख्या के बढ़ते जोखिम को पूरी तरह से मिटा नहीं सकते हैं, लेकिन यह जोखिमों में वृद्धि में सार्थक कमी ला सकता है। इसके बजाय, किसी शहर के नए निर्माण और मौजूदा हिस्सों का नवीनीकरण करते समय, हमें इस बात पर विचार करने के लिए अपनी मानसिकता को समायोजित करना चाहिए कि नए विकास और नवीकरण से शहर के प्राकृतिक परिवेश में समग्र रूप से स्थिति कैसे बदल जाएगी, और शहर और उसके आसपास कैसे बदल सकते हैं लंबे समय तक बड़े पैमाने पर एक एकीकृत मानव-पर्यावरण प्रणाली बनें।

### अचानक गुलाबी हो गया .. ..

इस मामले में, जहां पानी की लवणता समुद्री जल की तुलना में दोगुनी है। माउई के अत्यधिक सूखे के कारण तालाब की लवणता सामान्य से कहीं अधिक बढ़ गई है। यूएस ड्रॉट मॉनिटर के अनुसार, पूरा द्वीप गंभीर या बदतर सूखे की चपेट में है। वह क्षेत्र जहां केलिया तालाब शरणस्थल स्थित है, उसे अत्यधिक सूखा माना जाता है। सूखा मॉनिटर के पैमाने पर दूसरा सबसे खराब। वाइकापु धारा, जो पश्चिम माउ पर्वत से पानी को केलिया तालाब में लाती है, अत्यधिक सूखे वाले क्षेत्र से भी बहती है। तालाब में ताजे पानी की कम मात्रा ने नमक की सांद्रता को बढ़ा दिया है और चमकीले रंग के हेलोबैक्टीरिया के लिए एक आरामदायक आश्रय प्रदान किया है। माउई काउंटी का लगभग 90 फीसद हिस्सा, जिसमें अन्य द्वीप भी शामिल हैं, कम से कम गंभीर सूखे की चपेट में है - जो कि अगस्त में लाहिना में लगी घातक जंगल की आग के बाद से और भी बदतर हो गया है। वैज्ञानिक अभी भी अध्ययन कर रहे हैं कि जलवायु संकट हवाई को कैसे प्रभावित करेगा, लेकिन कुल मिलाकर विश्वास है कि वैश्विक तापमान बढ़ने के साथ सूखा और भी बदतर हो जाएगा - यहां तक कि उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में भी।

## आहर मे डूबने से एक की मौत, गमगीन हुए परिजन

**जगदीशपुर :** आहर मे डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नेउर पोखर गांव की है। बताया जाता है कि नेउर पोखर गांव निवासी रामानन्द दास का 40 वर्षीय पुत्र कन्हैया दास बधार मे आहरा की तरफ गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से आहरा मे डूबकर मौत होने की बात बताई जा रही है। पुलिस शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा भेज दिया है। जगदीशपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले मे थाने मे यूडी केश दर्ज की गई है।

# डीएम व एसएसपी ने गायघाट से लेकर दीदारगंज तक छठ घाटों का किया निरीक्षण

## छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्था के लिए की गयी पुख्ता इंतजाम

राष्ट्रीय खबर

**पटना सिटी :** जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवार की सुबह छठ महापर्व की तैयारियों एवं व्यवस्था का जायजा लेने के लिए अनुमंडल क्षेत्र के गायघाट से लेकर दिदारगंज तक विभिन्न छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्गों में किए जा रहे व्यवस्था का जायजा भी लिया। इस दौरान अधिकारियों ने एक-एक कर सभी घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार छठ घाटों की स्थिति बेहतर है। चूंकि इस बार गंगा नदी में जल स्तर पिछले साल की तुलना में करीब तीन मीटर कम है। उसकी वजह से इस बार बड़े-बड़े घाट निकले है। कहा जाए तो कुल मिलाकर पिछले साल से इस बार की छठ पूजा के लिए बेहतर तैयारी है। पटना में अभी तक चार घाट खतरनाक मिले है, जिसमे राजापुर पुल घाट, एलसीटी घाट सहित उसके आसपास के अन्य दो घाट है। बाकी सभी घाट ठीक है। छठ घाटों की तैयारी अच्छी चल रही है, हम लोग निरीक्षण कर रहे है। घाट का निर्माण कराया जा रहा है। पानी में बैरिकेडिंग करायी जा रही है, ताकि लोग पानी के अधिक गहराई में न जाए। इसके अलावा शौचालय, पेयजल और चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था की गई है। लाइट की भी पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। चूंकि लोग अहले सुबह में भी लोग आते है और देर शाम तक जाते है। तो ऐसी स्थिति में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए है। मेडिकल कैम्प, नियंत्रण कक्ष, सीसीटीवी कैमरा, वॉच टॉवर आदि की भी व्यवस्था की गई हैं। फिलहाल तैयारी अच्छी चल रही हैं, हालांकि पर्व के शुरू होने में करीब चार दिन बचे हैं। तब तक सारी व्यवस्था व तैयारी पूरी कर ली जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि पटना सिटी अनुमंडल में अभी तक कोई भी घाट खतरनाक नहीं मिला है। हालांकि कुछ घाट के अगल-बगल में स्थिति ठीक नहीं है, जिस कारण से वहां पर लाल कपड़ों से घेराबंदी कर दी गई है। ताकि लोग उधर नही जाए। बाकी सभी घाट ठीक है।



## लोडेड देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प.च. :** जिला अंतर्गत साठी थाना पुलिस ने रविवार को छापामारी कर एक लोडेड देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की साठी थाना क्षेत्र के गोनाही गांव निवासी नेजारुल आलम उर्फ लालजी (20 वर्ष) बताया गया है। इस मामला में इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि रायबरवा गांव में एक घर से मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक युवक को गांव के कुछ लोगों ने रंगे हाथ पकड़कर पीटा, उसी क्रम में अंधेरे का लाभ उठाकर वह भाग निकला। इसकी जानकारी साठी थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी पी कर दी। पुलिस की छापामारी के दौरान उपर्युक्त युवक को पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया और सख़्त पूछताछ किया। उसकी तलाशी के क्रम में उसके पास एक लोडेड देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने गोनाही गांव निवासी बताया। उसे चोरी के मामले में न्यायालय ने कई बार जेल भेजा है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट अन्तर्गत मामला दर्ज कर न्यायालय को सौंप दिया है। पुलिस की छापामारी में थानाध्यक्ष उदय कुमार, एसआई अरविंद सिंह, आलोक कुमार राय, पीएसआई जयशल कुमार, चौकीदार विनोद यादव, ललन यादव व अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

# सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की कलाकृति का मुख्यमंत्री ने की सराहना

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भगवान महावीर की निर्वाणस्थली नालंदा जिले के पावापुरी में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा महावीर के 2549 वें निर्वाण दिवस को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन बिजबनी गांव निवासी विश्वविख्यात सैंड आर्टिस्ट मधुरेन्द्र के कला का अद्भुत नमूना देख कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से प्रसंशा की। सैंड आर्टिस्ट ने बालू पर भगवान महावीर का विशाल आकृति उकेर अपनी बेहतरीन कला से अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया हैं। जो मुख्य आकर्षण का केंद्र था।



सैंड आर्टिस्ट मधुरेन्द्र सार्क देश नेपाल के विश्व प्रसिद्ध गढ़ी माई मेला, अंतराष्ट्रीय रेत कला उत्सव ओड़िसा, विश्वप्रसिद्ध सोनपुर मेला, बिहार के राजगीर महोत्सव, बौध महोत्सव गया, थावे महोत्सव, मंदार महोत्सव बांका, पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, सहित देश विदेशों में सैकड़ों सरकारी आयोजनों में अपनी कला का प्रदर्शन कर कर बिहार का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया हैं। जिन्हें कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। मौके पर बिहार सरकार के प्रभारी मंत्री सह वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी व ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सरकार के सचिव कुमार रवि, नालंदा डीएम शशांक शुभंकर, डीडीसी वैभव श्रीवास्तव, एनडीसी के के उपाधाय, अरुण जैन, पराग जैन, जगदीश जैन, समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने भी मधुरेंद्र की कलाकृति की प्रशंशा करते हुए दिखे।

# चनपटिया में विवाहिता की हत्या, साक्ष्य मिटाने के लिए शव जलाया

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प.च.:** विदेश में नौकरी के लिए रुपए देने से इनकार करने पर चनपटिया के लगुनाहा पोखरा टोला में मनीषा देवी (27वषीर्या) की ससुराल वालों ने हत्या कर शव को जला देने की खबर है। घटना दीपावली के दिन करीब 11 बजे की है। इस बाबत मनीषा के पिता कुमारबाग ओपी थाना क्षेत्र के जबदौल ओझा टोला निवासी रिखदेव राम ने चनपटिया थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर आरोपियों में मृतका मनीषा के पति अखिलेश राम (32वर्ष), सास सुगी देवी (43 वर्ष), ससुर योगेंद्र राम (48वर्षा), देवर नीरज राम (27वर्ष), जितेन्द्र राम (25वर्ष) को आरोपी बनाया है। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि मृतका के ससुर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। रिखदेव राम ने बताया है कि वर्ष 2016 में उन्होंने पुत्री मनीषा का विवाह लगुनाहा पोखरा टोला निवासी अखिलेश राम से किया। दो वर्ष पहले विदेश में नौकरी करने के लिए मनीषा के पति अखिलेश व ससुराल वालों ने दो लाख रुपए की मांग उनसे किया। बहुत परेशानी उठाकर मृतका के पिता ने एक लाख रुपए की व्यवस्था कर दामाद को दिया। उसके बाद अखिलेश विदेश चला गया, इधर एक माह पूर्व वह विदेश से घर लौटा, घर आने पर वह चार माह से मायके में रह रही मनीषा को आठ दिन पूर्व साथ बुलाकर घर ले आया। मनीषा की विदाई के बाद वह फिर अपने ससुर से विदेश में दूसरे कंपनी में नौकरी करने के नाम पर चालीस हजार रुपए की मांग करने लगा। रुपया देने में असमर्थता व्यक्त करने पर अखिलेश व उसके घर के लोगों ने दीपावली के दिन उसकी हत्या कर दी।



# दीपावली के अवसर पर दो गुटों में हिंसक झड़प, एक की मौत

### ट्रैक्टर व बाइक में लगाई आग, धू-धू कर जले वाहन

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राजधानी के दानापुर धनौत गांव में आपसी विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गया। जिसमें जमकर गोलीबारी हुई। इस दौरान तीन लोगों को गोली लगी। इसमें इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर चढ़कर वहां आग लगा दी। इस दौरान घर के आगे लगे तीन ट्रैक्टर और कई मोटरसाइकिल को लोगों ने आगे के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही दानापुर, फुलवारी शरीफ, रूपसपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को खदेड़ दिया।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए पटना के एम्स में भर्ती कराया है, जहां दोनों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि दीपावली के दिन नाली में पानी गिरने को लेकर गांव के प्रवीण कुमार और शशि भूषण सिंह के परिवार के बीच आपसी विवाद शुरू हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि एक पक्ष ने हथियार से दूसरे पक्ष पर जमकर गोलीबारी कर दी। इस गोलीबारी में शशि भूषण सिंह 55 वर्ष, नवमी कुमार 42 वर्ष एवं अमित कुमार उर्फ विक्की 27 वर्ष घायल हो गया। सभी घायलों को इलाज के लिए पटना के एम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शशि भूषण सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद दहशत का माहौल है।



# चप्पल कारखाना में लगी भीषण आग, दो मजदूर की जलकर मौत

### घण्टो की मशक्कत के बाद आग पर पाई गई काबू, अफरा-तफरी का रहा माहौल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** खाजेकला थाना अंतर्गत नूनके चौराहा हजारी मोहल्ले में दीपावली की देर रात को अचानक एक चप्पल कारखाना में आग लग गई। जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुँची स्थानीय पुलिस व अग्नि शमन दस्ते ने कड़ी मशक्कत की। जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच कारखाना में काम करने वाले दो मजदूरों की आगलगी में झुलस कर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही सनसनी मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मृतक कारीगर की पहचान जमुई जिला के लखई गांव का रहने वाला महादेव दास एवं दूसरा जमुई जिला के गोबरदाहा का रहने मुकेश दास बताया जा रहा है। घटना के बारे में खाजेकला थाना अध्यक्ष राहुल ठाकुर ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि दीपावली की रात पूजा करने के बाद दीये को जलता छोड देने से ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि दीये कि लौ से ही आग लगी होगी या फिर दूसरा कारण शॉर्ट सर्किट भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि आग लगी में नुकसान का आंकड़ा अभी फैक्ट्री के मालिक के द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है।



## माता लक्ष्मी एवं काली का पट खुलते हीं पूजा-अर्चना करने वालों की उमड़ी भीड़

राष्ट्रीय खबर

**धरहरा/ मुगेंर :** प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ दीपावली मनाई गई। लोग अपने - अपने घरों एवं दुकानों में देर रात दीप प्रज्वलित कर सिद्धिविनायक गणपति बप्पा एवं मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना किया तथा खूब पटाखे फोड़े एवं मिठाईयां बांटे। लोग अपने-अपने घरों के मुख्य द्वार पर रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर तथा केले के थम तथा आम के पत्तों से तोरणद्वार बनाकर अपने अपने घरों को सजाया। वहीं रविवार देर से ही मां लक्ष्मी एवं काली का पट खुलते ही दर्शन एवं प्रसाद चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ पड़ी तथा सोमवार सुबह से मां काली एवं लक्ष्मी जी के मंदिरों में माता को खोइछा देने के लिए सैकड़ों की संख्या में मंदिरों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय स्थित धरहरा बाजार स्थित धरहरा रेलवे स्टेशन , ईटवा, माताडीह, माताडीह पहाड़पुर, बड़ी गोविंदपुर, अमारी, अमारी फुलवरिया , मोहनपुर स्थित मंदिरों में मां काली की मूर्ति स्थापना होती है तो वहीं दरियापुर , मानगढ़ , धरहरा उत्तर टोला तथा धरहरा दक्षिण में स्थित मंदिर में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया। पंडित मदन मोहन मिश्रा ने बताया कि जहां माता लक्ष्मी की पूजा से धन-धान्य में वृद्धि होती है तो काली माता की पूजा - उपासना करने से भक्तों के सभी दुखों और कष्टों का निवारण होता है। जीवन में आ रहीं सभी बाधाएं मां काली दूर करती हैं और घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के पर टीचर्स ऑफ बिहार के टीम लीडर्स व अन्य हुए सम्मानित

### आजाद कंट्रीब्यूशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से हुआ सम्मान

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है। प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विशेष थीम निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष भी शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से एक विशेष थीम निर्धारित की गई है। इस वर्ष की थीम एम्ब्रेसिंग इनोवेशन है जो रचनात्मक और अद्वितीय शिक्षण विधियों को बढ़ावा देने के लिए नवीन दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देता है। नवाचारी गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करने वाले टीम लीडर्स, डिस्ट्रिक्ट मेंटर्स, ब्लॉक मेंटर्स एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के मॉडरेटर्स को एनसीईआरटी नई दिल्ली की प्रोफेसर उषा शर्मा, प्रभारी, राष्ट्रीय साक्षरता केंद्र प्रकोष्ठ, प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एससीईआरटी पटना की संयुक्त निदेशक (डायट) डॉ. रश्मि प्रभा, प्रभारी, अकादमिक समन्वयक, भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, चंदन श्रीवास्तव एवं टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर शिव कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से निर्गत डिजिटल सर्टिफिकेट आजाद कंट्रीब्यूशन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन को टेक्निकल टीम लीडर, अररिया जिले के शिक्षक सत्यनारायण साह को फेसबुक टीम लीडर, पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर को कुटुंब टीम लीडर, भागलपुर जिले की शिक्षिका खुशबू कुमारी को ट्वीटर टीम लीडर, अररिया जिले के शिक्षक रंजेश कुमार को कू एप एवं न्यूज टीम लीडर, शिक्षिका मधु प्रिया को लिंकडिन एप एवं पोस्टर टीम लीडर, भागलपुर जिले की शिक्षिका शालिनी कुमारी को पिनिंट्रेस्ट एप टीम लीडर, मधेपुरा जिले की शिक्षिका शिवानी प्रिया को यूट्यूब एप टीम लीडर, सिवान जिले की शिक्षिका अनुपमा प्रियदर्शिनी को राइटर्स टीम लीडर, गोपालगंज जिले की शिक्षिका पुष्पा प्रसाद को फोटो ऑफ द डे टीम लीडर, औरंगाबाद जिले की शिक्षिका मृदुला सिन्हा को वीडियो ऑफ द डे टीम लीडर, बांका जिले की शिक्षिका रूबी कुमारी को बाल मंच टीम लीडर, समस्तीपुर जिले के शिक्षक अनिल कुमार प्रभाकर को दैनिक पत्रिका चेतना टीम लीडर, औरंगाबाद जिले के शिक्षक चंद्रशेखर प्रसाद साहू को ई-मैगजीन टीम लीडर, सुपौल जिले के शिक्षक सौरभ सुमन को दक्ष टीम लीडर कैमूर जिले के शिक्षक धीरज कुमार को बाल मन टीम लीडर कैमूर, कमलेश कुमार को बाल मन टीम लीडर कुदरा, प्रमोद कुमार निराला को बाल मन टीम लीडर चांद एवं बिहार के विभिन्न जिले के डिस्ट्रिक्ट एवं ब्लॉक मेंटर का नाम शामिल है। उक्त जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय ठाकुर ने संयुक्त रूप से दी।




# रोहतास में धूम-धाम से मनी दीपावली, जगमग हुआ गांव और शहर

### सुख-समृद्धि व प्रकाश का पर्व दीपावली परंपरागत और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**भोजपुर :** जिला के तमाम प्रखंड एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने घरों-दुकानों में पूजन के बाद एक-दूसरे को बधाइयां दीं। पूजा खत्म होने के बाद बच्चों-बड़ों ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान रोशनी से आकाश जगमगा उठा। धूम-धड़ाके की आवाजें तेज हो गई।नगर और प्रखंड क्षेत्र में परंपरागत तरीके से मना दीपावली जगदीशपुर शाहपुर, बिहिया नगर समेत पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुख समृद्धि व प्रकाश का पर्व दीपावली परंपरागत और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। पर्व को लेकर रविवार की सुबह से ही लोग तैयारी में जुट गए थे। देर शाम होने के साथ ही हर घरों में दीप जलाने के बाद से शाम में बच्चे और बड़ों ने जमकर अतिशबाजी की रंग-बिरंगी फुलझड़ियां मंत्रमुग्ध कर रही थीं। शुभ मुहूर्त के अनुसार लोगों ने शाम को लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना की और उसके बाद प्रसाद का वितरण किया। दीपावली को लेकर बाजारों में पटाखों की दुकानें सजाई गई थीं। इसके बाद धन की देवी लक्ष्मी और प्रथम पूज्य गणेश की पूजा घर-घर हुई। जबकि नगर और प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।इस दौरान दीपावली पर सतरंगी रोशनी से पूरा नगर जगमगा रहा था। वहीं पर्व में अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस के जवान भी मुस्तैद दिखे।



### एशिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मेडल जीतकर कार्यक्रम पदाधिकारी ने बढ़ाया मान

**मधुबनी :** पिपरासी के कार्यक्रम पदाधिकारी ने विदेशी सरजमीं पर एशिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत का तिरंगा लहराया है । 18 देश ने फिलिपींस में आयोजित एथलेटिक्स में हिस्सा लिया था। पिपरासी के कार्यक्रम पदाधिकारी शील भूषण ने दूरभाष पर बताया कि पांच देशों से एथलेटिक्स के हैमर थ्रो में मेरा मुकाबला हुआ जिसमें मैं पांचों को हराकर फाइनल में प्रवेश किया व ब्रौंच मेडल जीता है। यह तृतीया मेडल है। पिपरासी व बिहार राज्य का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि सिवान के पदम गिरी 40.80 मीटर डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और बिहार राज्य का मान बढ़ाया है। जबकि एक अन्य एथलेटिक्स के खिलाड़ी अंजनी ओझा मेडल से चुके गये। विदेशी सरजमीं पर तिरंगा लहराने वाले कार्यक्रम पदाधिकारी को बीडीओ कुमुद कुमार ,सीओ ललित कुमार सिंह,बीईओ उमेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह,मन्नू सिंह चंदेल, विवेक यदुवंशी ,मुकेश लाल श्रीवास्तव,राजद नेता मुकेश कुशवाहा,छेदीलाल प्रसाद , मुखिया गुलाब चौहान, जोखू बैठा, सरपंच दिनेश्वर तिवारी आदि ने बधाई दिया है ।

# अनोखी परंपरा : बहन अपने भाइयों को श्राप देने के बाद उनकी मंगलकामना करती हैं

## मान्यता के अनुसार श्राप के बाद अकाल मृत्यु का नहीं होता भय

**राष्ट्रीय खबर**

सुगौली, पू.च : सनातन संस्कृति में ऐसे तो सभी पर्व और त्योहार मनाने की अलग-अलग परंपरा है, लेकिन बिहार और झारखंड में भैयादूज के दिन भाइयों की मंगलकामना के लिए गोधन कूटने की अनोखी परंपरा है। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले पर्व भैयादूज का दिन इन क्षेत्रों में गोधन के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन बहन अपने भाइयों को श्राप देकर उनकी मंगलकामना करती हैं। मान्यता है कि इस शाप से भाइयों को मृत्यु का डर नहीं होता।



बिहार-झारखंड में गोधन के मौके पर बहन द्वारा भाइयों को जी भर कर कोसा जाता है और गालियां दी जाती है, यहां तक की भाइयों की मृत्यु हो जाने का भी शाप दिया जाता है। इस क्रम में रेंगनी एक प्रकार का पौधा के कांटों को बहनें अपनी जीभ में चुभाती हैं। इस क्रिया को 'शापना' कहा जाता है। इस पर्व में कई महिलाएं एक ही स्थान पर एकत्रित होकर गोधन कूटती हैं। गोधन पर्व करने वाली सभी उम्र की महिलाएं होती हैं। इस दिन गांव-शहरों में एक घर के बाहर महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से गोबर से चौकोर आकृति बनाई जाती है, जिसमें यम और यमी की गोबर की ही प्रतिमा बनाई जाती है। इसके अलावा सांप, बिच्छु आदि की आकृतियां भी बनाई जाती हैं। प्रारंभ में वहां एकत्र हुई महिलाएं इसकी पूजा करती हैं और फिर इन्हें मूसल या डंडे से कूटा जाता है।

गोधन पर्व करने वाली महिलाओं ने बताया इस दौरान इस आकृति के पास चना, ईंट, नारियल,सुपारी और वह कांटा जिसे अपने जीभ में चुभाकर भाइयों को कोसा गया है, वह भी रख दिया जाता है। इस अनोखी परंपरा को ही गोधन कूटना कहा जाता है। इस दौरान महिलाएं गीत और भजन भी गाती हैं। बहनें इस कूटे हुए चना को वहां से निकाल लेती हैं और अपने-अपने भाइयों को तिलक लगाकर इसे खिलाती हैं। इस दिन भाइयों द्वारा बहन को उपहार देने की भी परंपरा है। जिसके पीछे मान्यता है कि द्वितीया के दिन भाइयों को गालियां और शाप देने से उन्हें यम यमराज का भी भय नहीं होता, गोधन को यम द्वितीया भी कहा जाता है।

किवंदंतियों के मुताबिक, प्राचीन काल में एक राजा के पुत्र की शादी थी इस मौके पर राजा ने अपनी विवाहित पुत्री को भी बुलाया था। भाई-बहन में अपार स्नेह था। जब बहन भाई की बारात में शामिल होने जा रही थी तब उसने आम लोगों को यह कहते सुन ली कि राजा की पुत्री ने अपने भाई को कभी गाली नहीं दी है,जिस कारण वह बारात के दौरान ही मर जाएगा। बारात जाने के रास्ते में बहन ने अपने भाई को खूब गालियां दी और रास्ते में जो भी सांप-बिच्छु दिखलाई दी उसे वह मारते चली गई और आंचल में डालती चली गई। जब वह घर लौटी तो उसके भाई के प्राण लेने के लिए यमराज उनके घर आए हुए थे,परंतु जब भाई-बहन के प्रेम को यमराज ने देखा तब वह बिना प्राण लिए वापस यमपुरी लौट गए। कहा जाता है तभी से यम द्वितीया के दिन बहन द्वारा भाई को शाप देने की परंपरा शुरू हुई।

# यूपी की सीमावर्ती पुलिस करती है व्यवसाईयों का शोषण

### धंधा करना है तो तीन सौ रुपये प्रति खेप देना पड़ेगा

**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : मदनपुर-पनियहवा मार्ग से माल लेकर गुजरने वाले व्यवसाईयों का लगातार आर्थिक शोषण हो रहा है। यूपी के गोरखपुर, महाराजगंज, पडरौना सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रों से अनाज, सब्जी आदि लेकर बगहा (बिहार)आने वाले खुदरा व थोक व्यवसायों का सीमावर्ती यूपी पुलिस के द्वारा शोषण किया जाता है। पनियहवा मोड़ पर स्थित हनुमानगंज थाना की चौकी तथा सलिकपुर में स्थित खड्डा थाना की चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा उन व्यवसायियों से आर्थिक वसूली की जाती है। गोरखपुर से प्रतिदिन सब्जी लेकर बगहा मीना मंडी में आने वाले एक व्यवसाई ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि हनुमानगंज थाना की चौकी पर प्रत्येक ट्रिप में 300 रुपये तथा सलिकपुर चौकी पर भी 300 रुपए देना पड़ता है। नहीं देने पर उन लोगों के द्वारा वहां रोक दिया जाता है। साथ ही कहा जाता है कि पैसे नहीं दोगे तो तुम्हारी सब्जी यहीं पर सड़ जाएगी। कोई बचाने नहीं आयेगा। धंधा करना है तो पैसे देने पड़ेंगे। एक और केला व्यवसाय ने बताया कि प्रतिदिन दर्जनों केला लदे पिकअप मदनपुर पनियहवा रास्ते से बगहा सहित बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में भेजता हूं। पनियहवा मोड़ पर स्थित हनुमानगंज चौकी तथा सलिकपुर स्थित चौकी पर प्रत्येक पिकअप के लिए नजराना देना पड़ता है। पुलिस वालों के द्वारा नहीं देने पर गलत फसाने की धमकी दी जाती है।

## पत्रकारों का कार्य बेहद चुनौती पूर्ण, सुरक्षा की है आवश्यकता : अचिंत सिंह



**राष्ट्रीय खबर**

सुगौली, पू. चः हर मुश्किल भरे रास्तों से हो कर समाज हित में खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है। उन्हें सरकार द्वारा संरक्षण और सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठाने की आवश्यकता है। ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपना कार्य संपादित कर सकें। उक्त बातें पत्रकारों को सम्मानित करते हुए समाजसेवी अचिंत कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि समाज का दर्पण के रूप में विख्यात पत्रकारों को मान-सम्मान देना हमलोगो का पहला दायित्व और कर्तव्य है। मौके पर पत्रकार शंभु शरण प्रसाद, आसिफ अली, शोनु कुमार, अमरुल आलम, राकेश कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# ढोल नगाड़े के साथ निकला भगवान चित्रगुप्त का शोभा यात्रा

**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : नगर स्थित चित्रगुप्त धाम मंदिर परिसर से सोमवार को कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान श्रीचित्रगुप्त जी महाराज की पूजा के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बाजा-गाजा के साथ कायस्थ समाज के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही भगवान चित्रगुप्त जी की नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। आयोजन के अध्यक्ष सह वरिष्ठ अधिवक्ता हर-देव वर्मा व प्रियेश श्रीवास्तव ने सयुक्त रूप से बताया की हर प्राणी का लेखा जोखा रखने वाले भगवान श्रीचित्रगुप्त जी महाराज की पूजा आगामी 15 नवंबर को बगहा 1 स्थित चित्रगुप्त धाम मंदिर के अलावा पूरे देश विदेशों में होना सुनिश्चित है। इस दौरान बगहा 1, बगहा 2, चौतरवा, बड़गांव, कुम्हिया, अमवलिया, चौतरवा,



कोल्हूआ, रायबारी महूअवा, बरियारवा, मकरी, रामपुरचेक नाका, वाल्मीकि नगर आदि क्षेत्रों के भारी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम कायस्थ समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से किया जाता है। उन्होंने बताया की 15 नवंबर को होने वाली पूजा में गोरखपुर के अपर जिला जज जयप्रकाश मुख्य अतितिथि के रूप में शिरकत करेंगे। तथा बेतिया चित्रगुप्त धाम मंदिर के सचिव राकेश शरण श्रीवास्तव पुन्नू बाबू के द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया जायेगा। कार्यक्रम 15 नवंबर की 11 बजे पूजनोत्सव, 1 बजे प्रसाद वितरण, 5 बजे शाम को आरती, 6 बजे शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 7 बजे रात्रि को भाई भोज का आयोजन संपन्न होगी। इस अवसर पर प्रियेश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, डा. जेपी श्रीवास्तव, प्रिंस वर्मा, सुजीत वर्मा, सुमित वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, पुनीत शरण वर्मा, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, मधरेंद्र वर्मा समेत दर्जनों कायस्थ समाज उपस्थित रहे।

## दीनदयाल नगर घाट पर छठ पूजा की तैयारी प्रारंभ

### ड्रोन व क्रेन कैमरा से की जाएगी छठ घाट की निगरानी : राकेश सिंह

**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : दीनदयाल नगर छठ घाट की तैयारियां जोरों पर है। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी दीनदयाल नगर घाट पर छठव्रतियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जायेगा। साफ सफाई का काम जारी है। जिसमें नगर परिषद का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। घाट पर उत्तम प्रकाश व्यवस्था के अलावा घाट की सजावट, चेंजिंग रूम, महिला प्रसाधन, वाच टॉवर और कंट्रोल रूम की व्यवस्था होगी। भारी भीड़ को देखते हुए कई ब्लॉक बनाये जायेंगे और ड्रोन तथा क्रेन कैमरे से पूरे घाट की निगरानी की जाएगी। पानी की गहराई के हिसाब से भी यह घाट अर्घ्य के



लिए पूर्णरूपेण सुरक्षित है।कमिटी के संयोजक ओमप्रकाश यादव,प्रधान महासचिव इंतजार अहमद, उपाध्यक्ष सिंटू सिंह, राजेश कुमार बैठा, महेश रजक, राजकुमार यादव, लाली कुशवाहा, रामाशीष गुप्ता, प्रधान कोषाध्यक्ष मुकुरध्वज कुमार, कोषाध्यक्ष उमेश यादव, महासचिव राकेश कुशवाहा, मुरारी कुशवाहा, राधेश्याम यादव, ओमप्रकाश चौधरी, संदीप बैठा, ब्रजेश यादव, सुनील कुशवाहा, सचिव नागेंद्र कुशवाहा, विकास यादव, राहुल गोंड और सुगान सहनी आदि ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इस घाट पर उमड़ेगी जिनकी सेवा के लिए पूरी कमिटी और ग्रामवासी पूरी तरह से संकल्पित हैं।

## राजा हीरो ऑटोमोबाइल शोरूम ने त्योहार पर कर्मियों के बीच बाटा उपहार



**राष्ट्रीय खबर**

सुगौली, पू.च. : नगर के ताजबाबू चौक स्थित राजा हीरो ऑटोमोबाइल शोरूम के प्रोपराइटर इरशादुल्लाह उर्फ राजा भैया ने दीपावली के शुभ अवसर पर अपने कर्मियों के बीच उपहार का वितरण किया। प्रतिष्ठान अपनी मेहनत और लगन से अपने प्लेटफॉर्म को बुलंदियों की उंचाई पर अपना परचम लहरा रहा है। बिते दिनों बाइक सेल में बिहार में अवल नंबर पर इनका नाम हुआ था। कार्य में हो रही दिन प्रतिदिन प्रगति को लेकर उन्होंने बताया कि शोरूम में काम करने वाले जो भी कर्मी है वह पूरी ईमानदारी पूर्वक अपना काम करते हैं। हमें आगे बढ़ने और सफलता में सभी कर्मियों का बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे का सम्मान हमेशा करना चाहिए। इससे त्योहार में चार चांद लग जाता है।

### करंट लगने से महिला की मौत

कोचस (रोहतास) : प्रखंड क्षेत्र के कपसिया गांव में विद्युत करंट के चपेट में आने से सोमवार को एक 45 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। अमृत महिला गांव निवासी रमेश शाह की 45 वर्षीय पत्नी मीना देवी बताई गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला अपने घर में कार्य कर रही थी जिस दौरान महिला नंगे तार की चपेट मे आने से झुलस कर जमीन पर गिर गई। झुलसी महिला को परिजनों द्वारा कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां ईलाज कर रहें डॉक्टर तुषार कुमार ने घोषित कर दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि मृतक के परिवार द्वारा शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। जिसके बाद मृत महिला के शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### पिपरासी व मधुबनी सभी विद्यालयों में आज मनाया जाएगा बाल दिवस

बगहा : पिपरासी और मधुबनी के सभी विद्यालयों में 14 नवंबर को बाल दिवस आयोजित करने का आदेश शिक्षा विभाग और पंचायतीराज विभाग के अपर मुख्य सचिव ने जारी किया है। पिपरासी बीईओ उमेश कुमार व मधुबनी बीईओ अशोक कुमार ने बताया कि उक्त आदेश के आलोक में सभी विद्यालयों में बाल दिवस आयोजित किया जाएगा । इसके साथ-साथ बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थित होने का निर्देश भी जारी किया गया है। अभिभावकों को भी बुलाई गई है। बाल सभा आयोजित करने का भी आदेश दिया गया है। जिसके आलोक में सभी प्रधानाध्यापकों को विधि व्यवस्था उक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पत्र द्वारा सूचित कर दिया गया है। उधर 14 नवंबर को गोवर्धन पूजा है। ऐसे में महिला शिक्षकों को पूजा से वंचित रहना पड़ेगा। विधायक प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, सरपंच दिनेश्वर तिवारी, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि विवेक यदुवंशी, गोलू पांडेय, मन्नू सिंह चंदेल, पिंटू पान्डेय, अंगद शर्मा आदि ने कहा कि कम से कम महिला शिक्षकों को अवकाश विभाग को जरूर देना चाहिए। इसको लेकर महिला शिक्षकों में रोष है। और पूजा अर्चना करने से वंचित रह जाएंगे। महिलाओं का महा पर्व माना जाता है। आज से मांगलिक कार्य का शुभारंभ भी होता है। शहनाईयां बजना शुरू हो जाएगा।

### हादसा : सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मौत, अन्य जख्मी

नोखा (रोहतास) : स्थानीय थाना क्षेत्र के जखनी नहर पुल के नीचे दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर में एक की घटना स्थल पर जबकि दूसरे व्यक्ति की ईलाज क्रम में मौत हो गई। एक मृतक व्यक्ति की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के भलुआही गांव निवासी मनीष पांडे के रूप में की गई। जबकि दुर्घटना घायल अन्य तीन घायलों की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दो बाईकों के जोरदार टक्कर में यह घटना थाना क्षेत्र जखनी नहर समीप घटी। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटना स्थल पहुंच एक व्यक्ति के शव कब्जे में लेते हुए अन्य तीन घायलों को ईलाज के लिए नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए चिकित्सक ने जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। जहां ईलाज क्रम में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि घटना स्थल से दोनों बाइक को जब्त कर लिया गया है। जिस मामले की जांच में पुलिस जुटी गई है। वही मृतक भलुआही गांव निवासी मनीष पांडे के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौप दिया। जबकि घटना के बाद जख्मी लोगों की तलाशी लेने के बाद उनके आधार कार्ड तहत मध्यप्रदेश के शिवपुरी के तिजारापुर गांव निवासी नगरभान कुमार, रोकेंन पारदी, होतीसना पारदी का पता मिलते ही पुलिस उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है।

# बीपीएससी में शिवम 415वीं रैंक लाकर बने अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, मील रही बधाईयां

**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित 67वीं परीक्षा में बगहा का बेटा शिवम कुमार ने सफलता हॉसिल कर सब डिवीजन वेलफेयर ऑफिसर (बीसी/ईबीसी डिपार्टमेंट) बनकर इलाके का नाम रौशन किया है।शिवम कुमार को यह सफलता प्रथम प्रयास में मिली है। शिवम कुमार ने 67वीं बीपीएससी की परीक्षा में 415 रैंक प्राप्त किया है।उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम और माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। विदित हो कि बगहा नगर परिषद् के राधेश्याम मंदिर चौक,वार्ड 23 के शिवम कुमार



के पिता ईश्वर चंद्र प्रसाद वर्षों से मुहर का दुकान चलाते आ रहे हैं और माता चंदा देवी गृहणी हैं।शिवम दो भाई में छोटे हैं और बड़े भाई मन्यु कुमार 2013 से सीआईएसएफ में सब इंस्पेक्टर पद पर श्रीनगर में ड्यूटी कर रहे हैं। शिवम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा बगहा से की।उसके बाद डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद(अयोध्या) से कृषि विज्ञान से स्नातक की डिग्री प्राप्त की। स्नातक करने के बाद यूपीएससी/बीपीएससी की तैयारी के लिए दृष्टि आईएएस प्रयागराज जुट गए हुए थे। शिवम ने बताया कि बीपीएससी की परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होने के लिए सबसे पहले तो आपका बेसिक क्लियर होना बहुत जरूरी है। प्रतिदिन 10 से 12 घंटे की पढ़ाई करने से ही बेहतर परिणाम संभव हैं।वहीं शिवम कुमार के पिता ईश्वर चंद्र प्रसाद ने कहा कि पुत्र की सफलता से न सिर्फ परिवार बल्कि पुरा बगहा गौरवान्वित हुआ है।

## पिकअप-बाइक की सीधी टक्कर से बाइक चालक की मौत

**राष्ट्रीय खबर**



बगहा : तेज रफ्तार की कहर ने फिर एक जान ले ली। घटना बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग डुमरिया पर एक पिकअप जो चौतरवा से बगहा को जा रहा था। वही बाइक सवार बगहा से चौतरवा की तरफ जा रहा था। रफ्तार की कहर से पिकअप व बाइक की सीधी टक्कर हो गई व बाइक सवार को गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान बगहा नगर थाना के अहिरवलिया निवासी संजय चौधरी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची बगहा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि खबर मिलते ही पुलिस मौके को मौके पर भेजा गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु बगहा अनुमंडलीय अस्पताल लाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अगलगी कि छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई दिपावली

### पर्यावरण प्रेमी ने वृक्षों के साथ मनाई दीपावली

**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : अनुमंडल क्षेत्र में दीपावली का पर्व बड़े धूमधाम व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। वहीं कई जगहों पर छिटपुट अगलगी की घटना की सूचना प्राप्त हो रही है। जानकारी के मुताबिक बगहा अनुमंडल के सभी प्रखंडों में दीपोत्सव का महापर्व दीपावली बड़े धूमधाम व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। वही बगहा नगर व पिपरासी थाना क्षेत्र में आग लगी की सूचना प्राप्त हुई है। जिसमें दर्जनों दुकानों सहित एक घर जलकर राख हो गया है।

बगहा एक प्रखंड के तिरहुत नहर स्थित विकास वैभव चौराहा पर पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र यादव



के द्वारा वृक्षों के साथ दीपावली मनाए गई जो क्षेत्र में चर्चा की विषय है। इस दीपोत्सव कार्यक्रम में बगहा एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट श्रीप्रकाश, एसडीपीओ कुमार देवेंद्र सहित भारी संख्या में पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर कमांडेंट श्री प्रकाश ने गजेंद्र यादव के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह गजेंद्र यादव का वृक्षों के प्रति प्रेम दशार्ता है। पर्यावरण प्रेमी का वृक्षों के साथ दीपावली मनाना एक अनूठी पहल है। वही एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने कहा कि यह गजेंद्र यादव का पर्यावरण प्रेम है। जो लोगों को दीपोत्सव के माध्यम वृक्षों की संरक्षण करने की प्रेरणा देती है। वही बगहा दो स्थित स्टेट बैंक के समीप रात को 11:00 बजे अचानक हुई अगलगी की घटना में लगभग आधा दर्जन दुकान जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग के टीम की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। वही पिपरासी प्रखंड के मुड़ाडिह पंचायत के घोंड़हवा गांव में पठाका से आग लग गई । जिसमें एक झोपड़ी नुमा घर जलकर राख हो गया। वही अनुमंडल के अन्य क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में दीपावली संपन्न हो गई ।

## प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास से मना दिपावाली का त्योहार

**राष्ट्रीय खबर**

मधुबनीः प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का त्यौहार। इस अवसर पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया गया दीपोत्सव का त्यौहार। वही बच्चो द्वारा पटाखा फोड़कर खुशी मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र में सभी घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पूजा पाठ किया गया। वही लोग एक दूसरे को मिठाईयां खिलाया गया। आचार्य उपेंद्र दुबे ने बताया कि, प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने के खुशी में नगर वासियों ने दीपोत्सव किया था। तभी से दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है।

## संपादकीय

# चुनावी वादों का आर्थिक बोझ कौन उठाये

चुनावी मौसम है और इस मौसम में मजबूरी में ही सही हर दल को अपने अपने मतदाताओं को रिझाने के लिए नये तरीके आजमाने पड़ रहे हैं। यूं तो चुनावी वादों का स्पष्ट उल्लेख पहली बार आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में किया था। अच्छी बात यह रही कि जनता पर बिना आर्थिक बोझ डाले उसकी सरकार ने यह काम पूरा किया और दिल्ली के घाटे के बजट को मुनाफे के बजट में भी तब्दील कर दिया। उसके बाद मध्यप्रदेश में कमलनाथ ने वचन शब्द का इस्तेमाल कर चुनावी वादे किये। कमलनाथ की सरकार तो उलट गयी लेकिन वादों का उल्लेख तब भी जारी रहा। अब हालत यह है कि चुनावी राज्यों में राजनीतिक दलों के वादों की प्रकृति और उनका दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। आगे चलकर राजकोष पर इनका विपरीत प्रभाव होगा। उदाहरण के लिए छत्तीसगढ़ में किए गए वादों का विश्लेषण बताता है कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों के रवैये में कोई खास अंतर नहीं है। राज्य में भूमिहीन खेतिहर श्रमिकों को नकद राशि देने, गैस सिलिंडर सस्ता करने और



निःशुल्क शिक्षा देने जैसे वादे किए गए हैं। भाजपा ने विवाहित महिलाओं को मासिक भत्ता देने का वादा भी किया है। बहरहाल, सबसे बड़ी घोषणा शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की और कहा कि केंद्र सरकार ने 80 करोड़ पात्र लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की योजना पांच वर्षों के लिए बढ़ा दी है। इस योजना पर सालाना अनुमानतः दो लाख करोड़ रुपये की राशि व्यय होती है। चिंता की बात यह है कि इस घोषणा ने न केवल चुनावी राज्यों बल्कि आगामी लोकसभा चुनावों के लिए भी माहौल स्पष्ट कर दिया है। निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की शुरूआत महामारी के दौरान की गई थी और इसे प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत बांटा जा रहा था। कई बार इसकी अवधि बढ़ाने के बाद सरकार ने एक वर्ष के लिए इस योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज वितरण की योजना में मिलाने का निर्णय किया था। इसकी शुरूआत जनवरी 2023 में हुई। यही वजह है कि सरकार ने चावल और गेहूं को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत क्रमशः तीन रुपये और दो रुपये प्रति किलो की दर से बेचने के बजाय मुफ्त कर दिया था। सरकार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को बंद कर देना चाहिए था क्योंकि यह योजना महामारी के दौरान राहत पहुंचाने का अस्थायी उपाय थी और अर्थव्यवस्था में हालात सामान्य हो गए थे। उल्लेखनीय है कि महामारी के पहले बहस इस बात पर केंद्रित थी कि सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत दिए जाने वाले अनाज की कीमत कैसे बढ़ाए कि खाद्य सब्सिडी को कम किया जा सके। परंतु उसे मुफ्त करके सरकार ने ठीक विपरीत कदम उठाया। इस कदम को पलटना तो मुश्किल था ही। दिसंबर 2022 में घोषणा के समय इस समाचार पत्र ने कहा था, ह्यराजनीतिक दृष्टि से यह कल्पना करना मुश्किल है कि सरकार 2023 के अंत तक मुफ्त खाद्यान्न योजना को बंद कर सकेगी क्योंकि लोकसभा चुनाव महज कुछ माह की दूरी पर होंगे।ह्न अब पांच साल का विस्तार इस योजना को लगभग स्थायी दर्जा प्रदान कर देगा। राज्यों के चुनावों में किए जा रहे वादों से संकेत ग्रहण करें तो लगता नहीं है कि लोकसभा चुनावों में भी यह सिलसिला बदलेगा। खाद्यान्न वितरण योजना का विस्तार भी यही दिखाता है। बहरहाल नीतिगत और राजकोषीय प्रबंधन की बात करें तो स्थायी व्यय को शामिल करना राजनीतिक दृष्टि से कठिन है और इससे सरकार के लिए किसी तरह के रद्दोबदल की गुंजाइश प्रभावित होगी। यह बात दीर्घकालिक आर्थिक प्रभाव वाली साबित होगी। सैद्धांतिक रूप से देखा जाए तो ऐसा कोई नीतिगत विवाद नहीं है कि सरकार को अल्प आय वर्ग के लोगों की मदद करनी चाहिए। बहरहाल, राजकोषीय संसाधनों का इस्तेमाल इस तरह करना चाहिए कि उनका प्रभाव बढ़ सके। यह बात भारत की विकास अवस्था को देखते हुए खासतौर पर अहम है क्योंकि उसे कई क्षेत्रों में व्यय करने की आवश्यकता है ताकि वह क्षमता निर्माण कर सके। इसमें सामाजिक क्षेत्र भी शामिल है। फिलहाल सब्सिडी और निःशुल्क उपहारों पर व्यय बढ़ाने से देश की राजकोषीय स्थिति कमजोर होगी। यह तब होगा जबकि सरकारी ऋण और आम सरकारी घाटा पहले ही काफी अधिक है। केंद्र सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी के स्तर पर रखने का है। वह 2025-26 तक इसे और कम करके 4.5 फीसदी तक लाना चाहती है। ऐसे में राजकोषीय घाटा मध्यम अवधि में ऊंचे स्तर पर बना रहेगा और व्यय में इजाफा राजकोषीय सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया में और विलंब करेगा। इससे वृहद आर्थिक जोखिम बढ़ेंगे। इसमें किसी नेता को अपनी जेब से कुछ नहीं देना है। अब यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि जनता पर बिना अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाले यह चुनावी वादे कैसे पूरे होंगे।

## जानकारी

# मनाली-लेह यात्रा



पूरी यात्रा के दौरान कोई भी शराब और अवसादरोधी दवा लेने से बचें क्योंकि इससे यात्रा के दौरान स्थिति और खराब हो सकती है।
पूरी यात्रा के दौरान आप जिन स्थानों को पार करने जा रहे हैं वे सभी ऊंचाई पर स्थित हैं, यही कारण है कि यह अनुशंसा की जाती है कि किसी को अधिक प्रयास नहीं करना चाहिए। अत्यधिक परिश्रम से सांस फूलने और उसके बाद और अधिक समस्याएं हो सकती हैं।
जैसा कि पहले ही ऊपर उल्लेख किया गया है, यह कभी भी अनुशंसित नहीं किया जाता है कि यात्रियों को अधिक ऊंचाई पर रात बितानी चाहिए। पूरी यात्रा में रात भर रुकने के लिए सबसे अच्छी जगहें केलांग और जिस्पा हैं। अधिकांश बुनियादी सुविधाएं और सुविधाएं यहां उपलब्ध हैं और वे मार्ग पर अन्य की तुलना में अधिक ऊंचाई पर नहीं हैं।
समय-समय पर खाते रहें, सुनिश्चित करें कि आपके शरीर को आवश्यक ऊर्जा मिले।

# जीवन भाग्य है या कर्म या फिर दोनों ?



ब्रह्मांड में अनवरत एक सधे हुए परिक्रमा पथ में लाखों-करोड़ों साल से वर्तुल कर रहे नक्षत्रों की गतियों को देखते, समझते और वर्षवार उनका अध्ययन करते हुए ही मनीषियों ने सम्भवतः यह निष्कर्ष प्रतिपादित किया होगा कि सब कुछ पूर्व निर्धारित है। और चूंकि सब कुछ पूर्व निर्धारित है, इसीलिए विभिन्न ग्रहों की गतियों को देखते हुए, समझते हुए ब्रह्मांड में घटने वाली बहुत सारी भौगोलिक व खगोलीय घटनाओं का पूवार्नुमान किया जाता रहा है। जो प्रायः अक्षरसः सत्य भी साबित हुआ है। विभिन्न खगोलीय घटनाओं को भी तिथिवार और समयवार बरसों बरस पहले ही जान लिया जाता है। जो बरसों बाद उसी प्रकार घटता दिखाई देता है, जैसा कि पहले से बताया जा चुका था।

सम्भवतः इसी आधार पर ऐसा माना जाता है कि जीवन भी एक वर्तुल है और इसमें हो रहा सब कुछ पूर्व निर्धारित है और चूंकि यह सब कुछ पूर्व निर्धारित है। तो इसका एक अर्थ यह भी मान लिया गया कि निश्चित ही वह पूर्व निर्धारण रैंडमली तो नहीं हुआ होगा। बल्कि कर्म आधारित हुआ होगा। अथवा किसी न किसी नियम आधारित तो हुआ ही होगा?



**राजीव थेपड़ा**
**पत्रकार**

क्योंकि ब्रह्मांड में घट रहा कुछ भी नियम से परे नहीं है। अनुशासन से भी परे नहीं है इस नियम और अनुशासन में रत्ती भर का भी यदि अंतर आ जाए तो हमारी आंखों के सामने दिख रहा यह सब कुछ उस रत्ती भर के चलते ही असंतुलित हो जाएगा। यहां तक कि यह पृथ्वी भी बचे कि ना बचे, इसका भी पता नहीं!
क्योंकि रैंडमली कोई भी चीज अगर मान ली जाए, तो उसे लॉजिकली कहीं भी फिट नहीं किया जा सकता। जबकि हर एक गति एक निर्धारित क्रम में चल रही है, इसीलिए जीवन का निर्धारण भी किसी भी नियम से एक क्रम में ही होना चाहिए और यह क्रम ₹कर्म₹ समझा और जाना गया।

सम्भवतः इसीलिए भाग्यवाद का प्रतिपादन हुआ। भाग्यवाद का प्रतिपादन करने का यह अर्थ नहीं है कि कोई भी चीज भाग्य भरोसे कह दी जाए! बल्कि कर्म का सिद्धांत तो अपनी जगह है ही है। इस निष्पत्ति के अनुसार जो कर्म हम करके आए हैं, उसका परिणाम हम अभी भोग रहे हैं और जो कर्म अभी करेंगे उसका परिणाम बाद में भोगेंगे। इसकी निश्चित कालगणना का कोई निर्धारण नहीं है। वह व्यक्ति के व्यक्ति(पर्सन टू पर्सन) पर निर्भर करता है।

इन्हीं सब निष्पत्तियों के आधार पर संभवतः कारण कार्य का नियम एवं अंततः पाप और पुण्य का सिद्धांत भी निर्धारित हुआ होगा। क्योंकि यह भी तय है कि अच्छे कर्मों का नतीजा अगर अच्छा नहीं निकलेगा, तो फिर कर्म का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा। गलत कार्य का दंड और अच्छे कार्य का पुरस्कार, यह सिद्धांत जीवन के लिए बहुत न केवल आवश्यक है, अपितु अनिवार्य भी। जैसे सूर्य उगेगा तो दिन ही होगा और डूबेगा तो रात ही होगी। उसी प्रकार हम जैसे कर्म हम करेंगे वैसे फलों की प्राप्ति अवश्यंभावी है। जीवन बेशक पूर्व निर्धारित हो, किंतु इस जीवन में हमें जीवनोपयोगी कार्य करने ही होंगे। अन्यथा जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि जैसे कार्य हम करेंगे वैसा फल मिलेगा।

अब इसके पीछे ऐसे भी तर्क लगाए जाते हैं कि किसी वेश्या के गर्भ में पल रहा जो भ्रूण है, वह उसके किस कर्मों का परिणाम है? बिल्कुल नवजात बच्चा नानाविध व्याधियों से ग्रस्त है, तो यह उसका कौन सा कर्म फल है? तो यह अपने-अपने मानने और नहीं मानने की बात है। कर्मफल होगा तभी तो ऐसा हुआ होगा! यही तो हमारे समझने की बात है कि जो प्रश्न हम उपस्थित कर रहे हैं, यदि उसी प्रश्न को उल्टा करके खड़ा करें, तो हमें शायद यह भान हो कि कोई कर्मफल होगा तभी तो ऐसा हो रहा है! वरना ऐसा एक मासूम के साथ भला क्यों होता? रोज अकाल मौतें होती हैं और रोज सैकड़ों साल लोग भी जीते हैं। एक ही मां के गर्भ से पैदा कई कई संतानें अलग-अलग प्रकार का जीवन जीती हैं। यानी उनमें से कोई बुरी तरह असफल भी हो सकता है और कोई जबरदस्त रूप से सफल भी! कोई पागल भी हो सकता है, कोई चोर या डकैत भी और कोई महापुरुष भी, तो कोई संत भी! अब आप देखिए ना! हैं तो सब एक ही मां की संतानें ना? तो फिर ऐसा कैसे हुआ कि एक ही तरह का लालन पोषण होते हुए यह सभी लोग अलग-अलग दिशाओं की ओर प्रवृत्त हुए? क्या यह पूर्व निर्धारित नहीं था? क्या यह उनके पूर्व कर्मों का फल नहीं था?

यद्यपि हर विषय में विवाद के पर्याप्त संदर्भ होते हैं। लेकिन यदि किसी बात को विवाद ही बने रहने देने में किसी को अच्छा लगे, तो उसका कोई अर्थ नहीं है। अपितु उसी बात को यदि संवाद की तरह देखा जाए, तो हम एक बेहतर निष्कर्ष की निष्पत्ति कर सकते हैं और यह देखना यह समझना आवश्यक होगा कि जीवन को हम किस तरह से देखते हैं। बाकी जीवन इस तरह से भी देखा जाना है और उस तरह से भी देखा जाना है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी देखा जाना है। संत की दृष्टि से भी देखा जाना है। तो एक ज्योतिषीय दृष्टि भी हो सकती है। क्योंकि सभी दृष्टियों का भी अपना-अपना अलग-अलग आधार है। लेकिन जीवन का निर्धारण कोई नहीं कर सकता। इस बाबत कोई भी अपनी निष्पत्ति स्वतंत्र रूप से निर्धारित नहीं कर सकता। जीवन का यह अबूझपन भी संभवतः जीवन का एक हिस्सा हो और यह भी एक पूर्व निर्धारित ईश्वरीय परिकल्पना! ऐसा होना भी तो संभव है ना ?

# बंदरों का व्यापार

## प्रेरक-प्रसंग



एक बिजनेसमैन गांव में सब लोगों से कहा कि मुझे बंदर खरीदने है। आप जो भी बंदर को पकड़कर लाएगा उसे मैं १०० रूपय दूंगा।सभी गांव वाले बिना सोचे समझे काम में जुट जाते हैं।
सभी लोग दो -दो बंदर पकड़कर लाते हैं।
और वह बिजनेसमैन गांव वालों को १०० रुपए देता है।
जिस दिन वह बिजनेसमैन आता है कि ,आप फिर से मुझे बंदर पकड़कर दो आपको ५०० रुपए दुगा।
सभी गांव वाले तीन तीन बंदर पकड़कर लाते हैं।
वह बिजनेसमैन सभी को ?500 दे देता है।
गांव वालों को उस बिजनेसमैन पर भरोसा जाता है।
तीसरे दिन का बिजनेसमैन करता है कि आप और भी बंदर पकड़कर लेकर आओ आपको २००० रुपए दुगा।
सभी गांव वाले मना कर देते हैं और कहते है की गांव में बंदर खत्म हो चुके हैं तो अब हम काम नहीं कर सकते ।
वह बिजनेसमैन कहता है कि कोई बात नहीं।
बिजनेसमैन का नौकर गांव वालों को बोलता है की है कि अगर आपको पैसे कमाने है तो आप मालिक से हजार रुपए का बंदर खरीदे और मालिक को ही दो हजार में बेच दीजिए।
मालिक बहुत नीति वाला आदमी है वह आपको दो हजार रुपए जरूर देंगे।
गांव वालों को उस बिजनेसमैन पर पूरा भरोसा था इसलिए वह हजार रुपए में बंदर खरीदते है।
उस दिन के बाद न तो बिजनेसमैन आता है न तो नौकर।
वह दोनों पुरे गांव वालों को चुना लगाकर शहर आ जाते है।
**निष्कर्ष :**
धोखा पर कहानी से सिख मिलती है की, अगर आप इस कहानी के भावार्थ को समझ गए तो आप भविष्य में आने वाली बहुत से परेशानी से बच सकते हो।

# OnePl42 12 स्मार्टफोन इन देशों में हुआ स्पॉट!



नई **दिल्ली:** OnePlus 12 : वनप्लस के अपकमिंग फ्लैगशिप OnePlus 12 को लेकर नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। कहा जा रहा है कि चीनी कंपनी अगले कुछ सप्ताह में अपने होम मार्केट में नई फ्लैगशिप सीरीज को लॉन्च कर सकती है। अपकमिंग डिवाइसेज को गीकबेंच से लेकर 3उ और क्टऊअ आदि से स्पॉट किया जा चुका है। अब इसे ळङ्मऋअ और EEC जैसी सर्टिफकिशन साइट पर भी देखा गया है। खुद वनप्लस भी अपकमिंग फ्लैगशिप से जुड़े कई अपडेट्स शेयर कर चुकी है।
रिपोर्ट के अनुसार, OnePlus 12 को वअए में TDRA सर्टिफीकेशन पर मॉडल नंबर CPH2581 पर लिस्ट किया गया है। रूस की एएउ सर्टिफीकेशन साइट भी यह डिवाइस देखी गई है। हालांकि लिस्टिंग से इस स्मार्टफोन की डिटेल्स का पता नहीं चल पाया है। सिर्फ यह जानकारी मिली है कि अपकमिंग डिवाइस किन देशों में आएगी। भारत में भी इसे लॉन्च किया जाना है, लेकिन सबसे पहले यह चीन में आएगी। भारत में वनप्लस 12 की लॉन्चिंग अगले साल की शुरूआत में होने की उम्मीद है। बहरहाल, कंपनी ने अपकमिंग फ्लैगशिप के कई फीचर्स को पहले ही कन्फर्म कर दिया है, जिससे यूजर्स में उत्सुकता बनी हुई है। वनप्लस 12 को अबतक के सबसे पावरफुल प्रोसेसर स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 से पैक किया जाएगा। इस डिवाइस में 6.8-इंच का इडए 1 पैनल होने की जानकारी भी आ चुकी है। डिस्प्ले में 120Hz का रिफ्रेश रेट और 2600 निट्स की पीक ब्राइटनैस दी जाएगी।
इसके Android 14-आधारित OxygenOS 14 के साथ आने की संभावना है। हैंडसेट में 100W वायर्ड फास्ट चार्जिंग और 50ह वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट के साथ 5,400mA की बैटरी हो सकती है। OnePlus 12 लॉन्च डेट के बारे में अभी पुष्टि नहीं की जा सकती है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



"भाजपा ने सत्ता में आने के बाद इस राज्य की तस्वीर बदल दी। श्री शाह ने कहा कि इसी तरह जब केंद्र में दस सालों तक "सोनिया और मनमोहन" की सरकार रही, तब पाकिस्तान से कोई भी इस देश में घुस आता था और विस्फोट करके चला जाता था। उस समय के प्रधानमंत्री कुछ नहीं बोलते थे और मौन ही बने रहते थे। "

**अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री



"हैदराबाद के अग्निकांड में लोगों की जान जाने से स्तब्ध हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी समवेदनायें पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

**जगदीप धनखड़**
उप राष्ट्रपति

## गोवर्धन पूजा पर विशेष

# गोवर्धन पर्वत उठाकर श्री कृष्ण ने गोकुल वासियों की रक्षा



**सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'**
**पत्रकार**

वैसे तो दीपावली हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है पर दीपावली अपने साथ चार अन्य पर्वों को भी साथ लेकर आती है। जिसमें सबसे प्रथम है 'धनतेरस' दूसरा 'नरक चौदस' तीसरा 'गोवर्धन पूजा' और सबसे अंत में 'भाई दूज' का पर्व आता है। इसके बाद ही दीपावली महापर्व की समाप्ति मानी जाती है। दीपावली- के दूसरे दिन अर्थात कार्तिक शुक्ल के प्रथम दिन सारे भारत में गोवर्धन पूजा की जाती है। खासकर उत्तर-मध्य भारत में तो गोवर्धन पूजा का विशेष महत्व माना गया है।
गोवर्धन पूजा के दिन महिलाएं अपने घर के आंगन द्वार के समीप गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाती है, उसके आसपास ही गोबर के ही गौ, ग्वाल, खेत आदि बनाये जाते हैं। इस दिन अनेक प्रकार के पकवान भी बनाये जाते है। गोवर्धन को पकवान चढ़ाकर उसकी पूरे विधिपूर्वक अर्चना की जाती है।

**इस अवसर पर स्त्रियां भी उनके साथ मिलकर लयताल के साथ मुकाबले पर उतर आती हैं, और उनके गीत दोहों का जवाब देती हुई अपने मधुर कण्ठों से वातावरण को गुंजित कर देती है।**

गोवर्धन पूजा के दिन शाम होने पर उत्तर भारत में पुरुष वर्ग भी इसमें शामिल हो जाते है। और वे टोलियां बनाकर कौड़ियों से युक्त पोषाक पहनकर नाचते-गाते हैं। वे इस मौके पर विशेषतः राम या कृष्ण से संबंधित दोहे या गीत गाते है। जैसे एक गीत कुछ इस प्रकार है।
'अरे धनुष चढ़ाये राम ने, चकित भये सब धूप रे। अरे भगन भई श्री राम जानकी देख राम'! इस अवसर पर स्त्रियां भी उनके साथ मिलकर लयताल के साथ मुकाबले पर उतर आती हैं, और उनके गीत दोहों का जवाब देती हुई अपने मधुर कण्ठों से वातावरण को गुंजित कर देती है। देर रात तक उनकी यह प्रतिस्पर्धा चलती रहती है। जिसका सभी लोग आनंद उठाते है।
भागवत पुराण के अनुसार गोवर्धन पूजा पर्व का प्रारंभ तब से हुआ जब द्वापर में गोकुल- वृंदावन क्षेत्र में दीपावली के दूसरे दिन देवों के देव इन्द्र की पूजा की जाती थी तब नटखट श्री कृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र की पूजा की तैयारी करते देखा तो वे पूछते हैं, कि आप लोग किसका पूजन करने की तैयारी कर रहे हैं ,इस पर ब्रजवासियों ने उन्हें बताया कि देवराज इंद्र की पूजा कर रहे हैं, इंद्र हमें जल देता है, हमारी प्यास और हमारे खेतों में फसल उन्ही के आशीर्वाद से लहलहाती हैं। इसलिये हम सभी उसी जल देवता इंद्र की पूजा करते हैं। इस पर अपना विरोध प्रगट करते हुए श्री कृष्ण कहते हैं कि गोवर्धन पर्वत हमारी रक्षा करता है, हमारे गांवों को हरी-हरी दूब देता है। तुम लोग गोवर्धन की पूजा क्यों नहीं करते। तब सबने उनकी बात पर अपनी सहमति देकर इंद्र की बजाये. गोवर्धन की पूजा अर्चना की। इस बात का पता चलने पर देवराज इंद्र कोधित हो उठते हैं। और वे काले काले वर्षा के बादलों को आज्ञा दे देते हैं कि ब्रज पर इतना बरसों कि पूरा ब्रज ही बह जाये। बस वर्षा वह भी घनघोर शुरू हो जाती है, लोग हाहाकर कर उठते है। सभी ब्रजवासी कृष्ण के समक्ष जाकर बोलते हैं कि तुम्हारे ही कहने है से हम लोगों ने इंद्र के बदले गोवर्धन की पूजा की थी, फलतः इन्द्र का क्रोध हम पर टूट पड़ा है। अब तुम ही हमें इस महावृष्टि अतिवर्षा से बचाओ। तब कृष्ण ने अपनी सबसे छोटी उंगली से गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सारे ब्रजवासी उसके नीचे शरण ले लेते है। उधर कुपित इंद्र ने पूरे सात दिन और रातों तक घनघोर वर्षा की, परंतु ब्रजवासियों का बाल भी बांका नहीं होता। तब जाकर इंद्र को ज्ञात होता है कि श्री कृष्ण कोई और नहीं स्वयं भगवान विष्णु ही तो हैं। तब वह मेघों सहित श्री कृष्ण के शरण में आकर क्षमा प्रार्थना करते हैं। तब कृष्ण गोवर्धन को पुनः भूमि पर रखते हैं। बस यहीं से गोवर्धन पूजन की प्रथा प्रारंभ हो गई।

## संपादक के नाम पत्र

### राजस्थान में सियासी उठापठक

राजस्थान में सभाओं में एक दूसरे दल पर निशाना साधा जा रहा है ।राजनैतिक दल एक दूसरे पर हमला बोल रहे है ।उदयपुर में नरेंद्र मोदी की सभा हुई ।कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है ।कांग्रेस की नीतियों पर प्रहार किया ।कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए मोदी ने कन्हैयालाल की हत्या की भरचक निंदा की गई ।कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है ।कांग्रेस ने साक्षी बनकर दंगाइयों को नजरअंदाज किया गया ।कांग्रेस ने राजस्थान में हुड़दंग करने वालो पर कोई कार्यवाई नही की गई ।राजस्थान में कांग्रेस कानून व्यवस्था पर सख्त नही है ।पेपरलीक मामले को भाजपा ने तूल पकड़ा है ।राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि भाजपा कहती है कांग्रेस गोभक्त नही है । लेकिन कांग्रेस सफाई देने से पूर्व विचार करे कि कांग्रेस ने कभी भी गोहत्या कानून बनाने का आग्रह नही किया ।कांग्रेस कहती है सबसे अधिक गोवंश के लिए कार्य किया है ।कांग्रेस के लिए चुनावी स्टंट है ।कांग्रेस चुनाव के मद्देनजर कुछ भी करने के लिए हर समय तैयार रहती है ।राजस्थान में अशोक गहलोत पर सीधा निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि आखिरी समय मे कांग्रेस की घोषणाएं चार दिन की चांदनी के समान है ।कांग्रेस ने जो मंहगाई राहत शिविरों का सहारा लिया और कांग्रेस के लिए मतदाताओं को एकत्रित करने की कवायद शुरू कर दी ।कांग्रेस ने कभी कोई फूटी कौड़ी गरीबो को नही दी है ।कांग्रेस के शासनकाल में पंचवर्षीय योजना चलती थी ।जिसमे गरीब तबका लाभ से वंचित रह जाता था ।कांग्रेस की गलत नीतियों के कारण आज कांग्रेस हाशिये में धकेल दी गई है ।कांग्रेस चुनाव में जनाधार बढ़ाने के लिए मंच से जुठ परोस रही है ।राजस्थान में सरकार की देनदारियां बढ़ गई है ।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### रांची जिला उपाध्यक्ष बने रमेश पाण्डेय

**नामकुम :** नामकुम लिचीबगान जोरार निवासी रमेश कुमार पाण्डेय को रांची जिला कांग्रेस कमिटी में उपाध्यक्ष मनोनित किया है। उन्हे यह जिम्मेवारी जिला अध्यक्ष डॉ किरण महतो द्वारा नियुक्त किया है। डॉ किरण महतो ने रमेश पाण्डेय को उपाध्यक्ष नियुक्त करते हुए पूर्ण विश्वास जताया है।

## सिटी अपडेट्स >>

### डॉ मयंक मुरारी को 2023 का सिद्धनाथ स्मृति सम्मान

**रांची :** वर्ष 2023 के डॉ सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान की घोषणा हुई है। इस बार झारखंड के चिंतक मयंक मुरारी को उनके समग्र लेखन के लिए सम्मानित किया जायेगा। प्रदेश के मूर्धनय साहित्यकार डॉ माया प्रसाद और डॉ अशोक प्रियदर्शी एवं कुमार संजय ने यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया है। इसके साथ ही उन्होंने स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान की भी घोषणा की है। कविता लेखन के लिए रांची की नंदा पांडे को, गजल और मुक्तक छंद लेखन के लिए जमशेदपुर की अंकिता सिन्हा को और कला-परंपरा के संरक्षण के ऊपर लेखनी चलाने के लिए मनोज कुमार कपरदार को ये सम्मान दिया जायेगा। सभी व्यक्तित्वों को आगामी 25 नवंबर को उसुर्लाइन कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में होनेवाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी डा कुमार संजय ने दी। डा कुमार संजय ने बताया कि मयंक मुरारी को उनके संपूर्ण साहित्य को ध्यान में रखकर देने का निर्णय लिया गया है। डॉ मयंक मुरारी का संपूर्ण लेखन भारतीय अध्यात्म, संस्कृति और ज्ञानात्मक समृद्धि से हमें परिचित कराता है। भारतीय संस्कृति और आधुनिक साहित्य पर उनकी 13 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसके अलावा वे लगातार देश के पत्र-पत्रिकाओं में लेखन कार्य के अलावा व्याखन करते हैं। नंदा पांडे कविताएं लिखती हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शादी प्रिंट दुकान का जीप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**इचाक :** इचाक मोड़ दुर्गानगर में दीपावली की संध्या जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने गीता इवेंट एवम शादी कार्ड प्रिंट दुकान का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस दौरान जीप अध्यक्ष श्री मेहता ने कहा की इचाक मोड़ में ऐसे दुकान की आवश्कता थी जो अब पूरी हो गई। अब लोगों को शादी वगैरह के लिए कार्ड छपवाने हजारीबाग नही जाना पड़ेगा। साथ ही युवाओं से कहा की आप सभी अपने नजदीकी बाजार में व्यवसाय को बढ़ावा दे जिससे क्षेत्र आर्थिक रूप में मजबूत होगा और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मिलेगा। मौके पर मनोज मेहता, दीपक मेहता, सुधीर मेहता, छकौड़ी मेहता, राजकुमार मेहता, छोटेलाल मेहता, महेंद्र मेहता, सिकंदर अंसारी, छोटू मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी आरके मेहता ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**इचाक :** इचाक झारखंड आंदोलनकारी व भाजपा वरिष्ठ नेता रामकिशोर उर्फ आरके मेहता ने एशिया पश्चिम क्षेत्र में 200 केबी का ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन। श्री मेहता ने कहा कि आशिया गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण कई दिनों से था अंधेरा में। इस बात की पहल करते हुए एवं दीपावली पूजा को देखते हुए 100 केवी ट्रांसफार्मर के जगह 200 केबी का ट्रांसफार्मर लगाकर ग्रामीणों को दीपावली का तोहफा दिया। ताकि कोई भी गांव व घर अंधेरा में ना रहे। मौके पर सीताराम मेहता, अरुण मेहता, भुवनेश्वर मेहता, वीरेंद्र मेहता, प्रवीण मेहता ,विनोद मेहता, प्रकाश मेहता, नरेश मेहता, श्रवण मेहता, रवि मेहता, पंकज मेहता, कुलदीप मेहता, बसंत मेहता, महेश मेहता, अजीत मेहता, श्याम कुमार ,सुरेश मेहता, उज्जवल मेहता ,मिथिलेश राम समेंत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अभियान** हजारीबाग विधायक कार्यालय में जारी रहा पूजन साड़ी पैकिंग अभियान

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने झोंकी ताकत



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकआस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ के अवसर पर क्षेत्र के करीब 10 हजार छठ महाव्रतियों के बीच पूजन साड़ी वितरण के हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के लक्ष्य को साधने में भाजपा कार्यकर्ता, विधायक प्रतिनिधि और उनके समर्थक लागातार रूप से जुटे हुए हैं। सोमवार को पांचवें दिन विधायक सेवा कार्यालय परिसर में पूजन साड़ी पैकिंग अभियान जारी रहा। भाजपा ओबीसी मोर्चा, हजारीबाग के कार्यकताओं ने सुबह से लेकर देर शाम तक पूजन साड़ी पैकिंग अभियान में अपनी ताकत झोंकी। भाजपा ओबीसी मोर्चा, हजारीबाग के इस नेक प्रयास में खुद विधायक मनीष जायसवाल और भाजपा ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव सहित भाजपा ओबीसी मोर्चा, हजारीबाग के जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी ने उपस्थित होकर सेवा कार्य में जुटे कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। विधायक मनीष जायसवाल ने सभी का मुंह मीठा कराया और दिवाली की शुभकामनाएं दी। विधायक सेवा कार्यालय परिसर से ही नगर क्षेत्र के कई छठ महाव्रतियों को पूजन साड़ी भी भेंट किया गया।

मौके पर विशेषरूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री महेंद्र ठाकुर , जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर अध्यक्ष पश्चिमी रामजी गुप्ता , नगर महामंत्री केशव यादव, नगर पूर्वी अध्यक्ष चंद्रिका साहू , जिला मंत्रीअनुज कुमार चंद्रवंशी , जिला कार्यालय मंत्री भोला भगत ,वीरेंद्र भगत, जिला मंत्री उदय वर्मा, नगर उपाध्यक्ष पूर्वी रवि कुमार, जिला प्रभारी ओबीसी मोर्चा बिंदेश्वरी यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, बंटी तिवारी, जयप्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## न्यूज फटाफट

### मनोज कपरदार को मिलेगा स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान



**कसमार :** कसमार प्रखंड के बगदा निवासी कला समीक्षक मनोज कुमार कपरदार को वर्ष 2023 का स्पेनिन सहित्य गौरव सम्मान मिलेगा। सम्मान देने का निर्णय रांची की प्रतिष्ठित संस्था स्पेनिन द्वारा लिया गया है। यह सम्मान इन्हें उर्सलाईन कॉन्वेन्ट इंटर कॉलेज, रांची के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 25 नवंबर को प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी संस्था के निदेशक डॉ कुमार संजय ने दी। इनका चयन हिंदी साहित्य के विद्वान डॉ अशोक प्रियदर्शी और डॉ माया प्रसाद ने किया है। चयन समिति ने अपनी टिप्पणी में लिखा है कि मनोज कुमार कपरदार की सक्रियता चकित करती है। यह झारखंडी माटी की संतान है। और इस मिट्टी का ऋण चुका रहे हैं। शहरों की चकाचौंध में आदिवासी कला परंपराएं लुप्त होती लुप्त होती जा रही हैं। श्री कपरदार आदिवासी कला परंपराओं को रेखांकित कर उन्हें जीवित रखने के उपक्रम में लगे हैं। यह सम्मान विगत 16 वर्षो से लगातार देश के ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को दिया जाता है। इनमें से प्रमुख नाम है ऋषिकेश सुलभ (पटना), पंकज सुबीर(सीहोर), महेश कटारे सुगम (सागर), अनिता रश्मि (रांची), मार्टिन जॉन (पश्चिम बंगाल), हरकीरत हीर (असम), रामदुलारी शर्मा (गुना), उर्मिला शुक्ल (छत्तीसगढ़), नरेश अग्रवाल (जमशेदपुर)। यह संस्था उत्कृष्ट रचनाकर्म के आधार पर यह सम्मान देती है। मनोज कुमार कपरदार झारखंड के कलाकारों और कलाकृतियों पर निरंतर लेखन कार्य कर रहे है। इनके लेखन से झारखंड की कला को एक राष्ट्रीय पहचान मिली है।

### दीपावली की रात हरला थाना क्षेत्र में दो जगहों पर हुई आगजनी की घटना



**बोकारो :** हरला थाना क्षेत्र में दीपावली की रात दो जगहों पर आगजनी की घटना हो गई। पहली घटना सेक्टर 8 स्थित गढ़ा वासा कॉलोनी में कूड़ा गोदाम में आग लगी। बताया जाता है कि अवैध रूप से कूड़ा गोदाम संचालित हो रहा था। जानकारी के अनुसार उक्त कूड़ा गोदाम जनार्दन यादव नामक व्यक्ति का है। रविवार की रात करीब 9 बजे इस कूड़ा गोदाम में आग लग गई। इसमें कई ऐसी चीजें थी जिसकी वजह से आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। इससे आसमान में काला धुआं फैल गया। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। वही दूसरी घटना सेक्टर 9 के वैशाली मोड़ स्थित सब्जी मार्केट में हुई। जिसमें आग की चपेट में सब्जी दुकान के अलावा इलेक्ट्रॉनिक, गैस और मोबाइल की दुकान जलकर पूरी तरह खाक हो गई और लगभग 20 से 25 दुकानें धू-धू कर पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इसी दौरान स्थानीय लोगों के द्वारा पहले आग बुझाने की कोशिश की गई जब आग नही बुझी तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची जिसमें बीएसएल अग्निशमन और झारखंड अग्निशमन की गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में लगभग 30 से 35 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई। दीपावली के पटाखे से आग लगने की संभावना जताई जा रही है। दुकानदारों ने कहा कि लाखों की जमा पूंजी चली गई। दोनों घटनाओं में किसी की हताहत होने की खबर नहीं है।

## देश के प्रथम शिक्षा मंत्री अब्दुल कलाम की मनाई गई जयंती



राष्ट्रीय खबर

**चास :** सेक्टर 12 स्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष खालिद खान के आवास पर देश के प्रथम शिक्षा मंत्री स्वर्गीय मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की 135वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चास नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष अब्दुल वाहिद खान मुख्य रूप से मौजूद थे। वाहिद खान ने कहा कि मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की नेतृत्व में शिक्षा जगत में काफी काम हुआ। आज के युवा पीढ़ी को उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में देश में बेरोजगारी है, महंगाई है, युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। देश में बदलाव की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो युवाओं को रोजगार, महंगाई से निजात एवं लोगों को हर तरह का सुख-सुविधा अपने सरकार में दे रही थी। भाजपा सरकार में केवल लोगों को तोड़ने का काम कर रही है। इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। इस अवसर पर खालिद खान, आस मोहम्मद अंसारी, शकील अंसारी, नसरुल्लाह खान, संतोष सरदार, मोइन मलिक, लुकमान, रहमान, रौनक अफरोज अन्य लोग मौजूद थे।

बैंक ऑफ इंडिया गुवा की समस्या

## सुविधाओं में विस्तार व सुधार होनी चाहिए :मंगल सिंह गिलुवा



राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा के कर्मचारियों के कार्य से खाता धारक परेशान हो रहे हैं। खाता धारकों ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की कार्यशैली तथा खाता धारकों से ठीक ढंग से बात नहीं की जाती है। साथ ही पिछले 5 सालों से बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा में लगाया गया पासबुक अप टू डेट करने की मशीन खराब पड़ा हुआ है। खाता धारकों ने इस संबंध में शाखा प्रबंधक को खराब मशीन को ठीक करवाने के लिए लिखित आवेदन देने के बावजूद आज तक ठीक नहीं हो पाया है। उक्त समस्या को बताते हुए अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा ने बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा प्रबंधक से अविलंब उक्त समस्या के निराकरण के साथ-साथ बैंक आफ इंडिया के एटीएम मशीन को दुरुस्त व चालू किए जाने की मांग की है ।उन्होंने कहा है कि बैंक आफ इंडिया के बेहतर सेवा की अपेक्षा क्षेत्र के आम जनता करते हैं ।अतः सुविधाओं में विस्तार व सुधार होनी चाहिए ।

## मुक्तिधाम खिरगांव में मंत्र उच्चारण के साथ विधिवत मां काली का पूजन किया गया

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :**हजारीबाग अपार हर्ष के साथ हर साल की भांति इस साल भी महाकाली पूजा मुक्तिधाम खिरगांव में बहुत ही धूमधाम से संम्पन्न हुई और इस सफल आयोजन में हजारीबाग क्षेत्र के हजारों हजार महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया, पूजा अर्चना किये और हजारों हजार श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद पूड़ी ,सब्जी,बुदिया,ग्रहण किया । सम्पूर्ण मंदिर परिसर पूरी तरह से सज धज के काली पूजा के लिए तैयार रही सम्पूर्ण परिसर अलोकिक तरीके से सजी धजी रही। इस काली पूजा का विस्तृत कार्यक्रम बाबा भूतनाथ मंडली न्यास समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि सबसे पहले माँ का आह्वान हुआ तय समय पर फिर प्रसाद का वितरण संध्या 7 बजे से लगातार भक्तों के बीच और साथ मे भजन संध्या शाम 5 बजे से 10 बजे तक भक्तिमय माहौल में समपन्न हुआ ,रात्रि में पूजा और बलि पूजा और सोमवार को महाभोग प्रसाद का वितरण सुबह 4 बजे से 9 बजे तक चला । इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने उपस्थित सभी भक्त जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि धार्मिक कार्य होने से वातावरण का शुद्धिकरण होता रहता है और धर्म के प्रति लोगो का जुड़ाव मजबूत होता है,मंदिर का निर्माण कार्य भी चल रहा है उसमें आप सभी अपना सहयोग करे । काली पूजा को भव्य रूप से सफल करने में संस्था के सचिव राजेश यादव का भी विशेष योगदान रहा ।

## ग्रामीणों की अनोखी पहल बागजोबरा के ग्रामीण श्रमदान से बना रहे सड़क



राष्ट्रीय खबर

**चुरचू :**चुरचू प्रखंड के बोदरा गाव के बागजोबरा टोला से बहेरा तक ग्रामीणों द्वारा श्रमदान से सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से गुहार लगाई लेकिन आश्वासन के सिवा ग्रामीणों को कुछ भी नहीं मिला। इससे नाराज ग्रामीणों ने जनसहयोग से 8 किलोमीटर जर्जर सड़क पर मिट्टी डाल कर सड़क का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही जनसहयोग से प्रखंड में एक मिशाल पेश कर दिया। प्रशासनिक उपेक्षा व जनप्रतिनिधियों के कोरे आश्वासन से ग्राम बोदरा के बागजोबरा टोला के लोगों को प्रेरणा के समक्ष विवश होना पड़ गया। इस सराहनीय कार्य को आसपास के लोग की प्रशंसा करते नहीं थकते।सड़क जीर्णोद्धार को परेशान थे ग्रामीण चुरचू प्रखंड से निकलकर बहेरा पंचायत के मुख्य मार्ग चरही घाटों रोड को जोड़ती है। जहां सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी, वहीं कच्ची सड़क काफी धंस चुकी थी। बरसात के मौसम में तो पैदल भी गुजरना दुर्भाग्य होता था। ग्रामीणों की मानें तो तकरीबन कई दशक पूर्व इस सड़क का सरकार के द्वारा कुछ दूरी तक सड़क निर्माण करवाया गया तो कुछ दूरी तक मिट्टी भराई का कार्य करवाया गया था। किन्तु निर्माण के बाद से आज तक इस सड़क की कोई सुधि नहीं ली गई।

**तैराकी प्रतियोगिता** खेलो झारखंड में हजारीबाग जिले के स्कूली तैराकों ने 24 मेडल जीते

# बच्चों ने मेडल जीत कर अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया है : हर्ष अजमेरा

- तैराकी संघ के अध्यक्ष सहित कई खेल प्रेमियों ने किया सम्मानित
- खेल में प्रतिभा रखने वाले हर खिलाड़ियों के साथ हम सभी खड़े हैं :विद्या भूषण कुमार



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग खेलो झारखंड अंतर्गत राज स्तरीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिता 10 एवं 11 नवंबर को होटवार खेल गांव में आयोजित की गई थी। जिसमें झारखंड के कई जिलों के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए जिसमें हजारीबाग जिले के तैराकों ने 24 मेडल जीत कर हजारीबाग का नाम रोशन किया है। इसके बाद हजारीबाग मे एकदिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर अतिथि के रूप मेंहजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार उपस्थित हुए। सभी बच्चों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो सहित अन्य उपहार देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले तैराकों में एंजेल्स हाई स्कूल हजारीबाग के छात्र अर्चित रंजन, उनमुक्त जैन, अनय अग्रवाल, निश्चय कुमार, अक्षय कुमार,आदित्य भूषण,आयुष आदर्श दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग के छात्र पियूष राणा, सास्वत दिवेदी, रूपम राज गुप्ता, श्रीयांशु कुमार,अमित कुमार ने 15 मेडल जीता है,और साथ ही राज्य स्तरिय विजेता सत्यम कुमार, गौरव कुमार, कुमार नीतीश, कुमार निधीस, हर्षित कुमार को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा की खेल में प्रतिभा रखने वाले हर खिलाड़ियों के साथ हम सभी खड़े हैं। आप सभी अपने लक्ष्य की ओर हमेशा केंद्रित रहिए।मौके पर युवा समाजसेवी सह तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने कहा की बच्चों ने मेडल जीत कर अपने शहर हजारीबाग का नाम रोशन किया है।इन सभी पर हम सभी को काफी गर्व है हमें पूर्ण विश्वास हैआने वाले दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर हजारीबाग का नाम रोशन करेंगे।मौके पर तैराकी संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा,सचिव प्रहलाद सिंह, सह सचिव मनु कुमार राना, मयंक जी,जया सिंह,कोच कौशल कुमार एवं गौरव कुमार जया सहाय रवि सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## नशे की हालत में चोरी करने गए चोर की जमकर धुलाई, दो चोर भागने में सफल



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** चोरी करते समय एक चोर को आवास मालिक ने रंगे हाथों पकड़ा। कई घंटे तक बंधक बनाकर पीटा, इसके बाद अगले सुबह आवास मालिक ने चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना चास थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक भर्रा बस्ती के जेवियर्स कॉलोनी निवासी राधेश्याम यादव के घर तीन चोर रात करीब 1 बजे घुस कर चोरी कर रहे थे, इसी बीच उनकी नींद खुल गई। नींद खुलने के बाद उन्होंने देखा कि घर सारा सामान बिखरा पड़ा है। आवास मालिक देखते ही चोर भागने लगे। उनमें से दो चोर भागने में सफल रहे, लेकिन एक चोर जो नशे की हालत में था वह पकड़ा गया। पकड़े जाने के बाद आवास मालिक ने चोर की जमकर पिटाई की। उसके बाद चोर को पुलिस के हवाले सौंप दिया। पुलिस ने फिलहाल चोर को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पकड़े गए चोर का नाम अकीब उर्फ बिक्की बताया जा रहा है। उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सामान लेकर भागे दोनों अपराधियों की तलाश की जा रही है।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश >> अपडेट

### जरूरतमंदों के दिलों में दीया जलाइये : रंजन चौधरी

**हजारीबाग** :हजारीबाग जहां अभी भी अंधेरा है, वहां प्रकाश फैलाइये, जरूरतमंदों के दिल में दीया जलाइये...। हमारी दीवाली तभी सफल होगी, जब हम इस साल किसी जरूरतमंद की दीवाली में खुशियां भर सकेंगे। ऐसे जगह जहां अंधेरा हैं उसे रौशन कर सकेंगे। उक्त बातें सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि हमने एक प्रयास किया दीपावली पूर्व शहीद स्मारक को रोशन कर अमर जवानों की शहादत को याद करने की।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### आईएमए भवन में धूमधाम से आयोजित होगा श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव

**पलामू**: रांची 11 नवम्बर राजधानी के मोरहाबादी में आज श्री चित्रगुप्त महापरिवार की केन्द्रीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी जिसमें आगामी 15 नवम्बर को राजधानी के करमटोली स्थित आईएमए भवन में श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया .आज केन्द्रीय समिति की बैठक में डॉ. प्रणव बब्बू को श्री चित्रगुप्त महापरिवार का संरक्षक, सुनील किशोर सिन्हा को अध्यक्ष एवं संजीव सिन्हा को सचिव चुना गया। आज की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी बुधवार को आईएमए भवन में आयोजित उत्सव को भव्य एवं व्यापक बनाने के लिये हर उपाय किया जायेगा। इसमें आयोजित भाई भोज में तीन हजार लोगों को आमंत्रित करने एवं इसके लिए व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। आज की बैठक में डॉ. प्रणब बब्बू एवं डॉ. ए. के. वर्मा संरक्षक, सुनील किशोर सिन्हा को अध्यक्ष, प्रशांत कुमार, लाला लक्ष्मी लाल, प्रवीण कुमार सिन्हा, सुभाष कुमार, रमेश कुमार एवं डॉ संदीप कुमार को उपाध्यक्ष, अजय कुमार श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष, संजीव सिन्हा को सचिव, प्रभात सहाय एवं अभिषेक कुमार मिंकु को संयुक्त सचिव चूना गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एसी/एसटी को बिहार में अब 22% आरक्षण का प्रबंध करना ऐतिहासिक कदम : पासवान

**हरिहरगंज/पलामू** : बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ सुरेश पासवान ने कहा कि बिहार विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार के द्वारा जो जातीय गणना की रिपोर्ट सदन में पेस किया गया उसमें जातीय गणना के साथ -साथ आर्थिक, समाजिक,शैक्षनिक एवं किन वर्गों में कितनी गरीबी है उसका पूर्ण आंकड़ा है जिस आधार पर अनुसूचित जाति-जनजाति के लिए आरक्षण की सीमा 17%से बढ़ाकर 22% ,पिछड़े अति,पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा 28%से बढाकर 43% एवं 2019 में घोषित आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए आरक्षण 10% आरक्षण को बरकरार रखने के साथ ही बिहार में अब आरक्षण का दायरा 50% से बढ़ाकर 75% किया जाना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सभी वर्गों के गरीबों के लिए आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए प्रति परिवार दो दो लाख रुपए का आर्थिक मदद बिहार सरकार के द्वारा दिए जाने का प्रावधान है। जबकि आवास बनाने को लेकर भूमिहीन परिवारों को जमीन खरीदने के लिए साठ हजार से बढ़कर एक लाख रुपए और आवास बनाने के लिए एक लाख बीस हजार रुपए का लाभ मिलता रहेगा। डॉ पासवान ने उक्त सभी घोषणाओं के लिए बिहार सरकार के माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पुरे मंत्री परिषद के सदस्यों को बिहार के तेरह करोड़ जनता जनार्दन के तरफ से हृदय से बधाई एवं आभार व्यक्त किया है । वहीं न्याय के साथ विकास के मूलमंत्र को बिहार के सर जमीं पर उतारने का ऐतिहासिक फैसला लिया है वह भी प्रशंसनीय है। उन्होंने बिहार के अनूसूचित जाति जन जाति समाज के लोगों को आबादी के हिसाब से शत प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिए जाने जाने के निर्णय को स्वागत योग्य कदम बताया।

कानून व्यवस्था | देवघर में बिगड़ी कानून व्यवस्था, दीपावली की खुशियों को मातम में बदला

# अपराधियों ने आठ साल के बेटे के सामने पिता को मारी गोली, अस्पताल में हुई मौत



- कानून व्यवस्था दिनो दिन चौपट होता जा रहा है
- युवक को लगी इसके बाद अपराधी वहां से भाग गया
- पुलीस हर बिंदुओं पर जांच शुरू कर चुकी है

राष्ट्रीय खबर

**देवघर**: एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग के कार्यभार संभालने के बाद देवघर से सरकार को भले राजस्व की अत्यधिक कमाई होती हो लेकीन कानून व्यवस्था दिनो दिन चौपट होता जा रहा है। दिपावली के दिन रविवार को देवघर के कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधानी में दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने एक दूकान में अपने आठ साल के बेटे के साथ दीप जला रहे पिता पर उसके बेटे के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग किया जिसमे चार गोली महेंद्र यादव नाम के युवक को लगी इसके बाद अपराधी वहां से भाग गया। वहां मौजुद लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर मौत से पहले महेंद्र यादव ने दीए ब्यान में गौरव नरोने का नाम लिया है। साथ ही तीन लोग और हैं। घटना के बाद परिजनों ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर गोली मारी गईं हैं।

घटना की सुचना के बाद देवघर एसडीपीओ पवन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे, पुलीस जब अस्पताल पहुंचीं उस समय तक महेंद्र यादव जीवित था। उसकी मौत के बाद पुलीस ने उसके शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया और अनुसंधान में जुट गई है। **एसडीपीओ ने क्या कहा ,पवन कुमार** ने बताया की गोलीकांड में महेंद्र यादव की मौत हो गई है। पुलीस हर बिंदुओं पर जांच शुरू कर चुकी है।



### गिधनी में लेवी लेने पहुंचे लोगों ने की पत्थरबाजी

**देवघर** :जसीडीह थाना क्षेत्र के गिधनी में रविवार दिन में एक जमीन पर काम कर रहे मजदूरों के साथ मारपीट की घटना करित की गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गिधनी मौजा में जमीन की घेराबंदी की जा रही थीं, उसी वक्त तीन बुलेट पर सवार करीब तीन लोग वहां पहुंचे और लेवी की मांग करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने वहां काम कर रहे मजदूरों पर पत्थरबाजी करने लगे, जिसकी सुचना जसीडीह थाने में दिया गया। मौके पर पहुंचीं पुलिस ने वहां से दो वाहनों को जब्त कर लिया है बाकी लोग वहां से भागने में सफल रहे।

## न्यूज फटाफट

### सदीक अंसारी के आश्रित को नौकरी और 50 लाख रुपए का जल्द मिले मुआवजा : अयूब

**चंदवा**: माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से चंदवा थाना के चौकीदार स्व. सदीक अंसारी के परिवार को सरकारी नौकरी, मुआवजा के रूप में 50 लाख की आर्थिक मदद देने और जो बच्चे पढ़ रहे हैं उनकी पढ़ाई का खर्च उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सात नवंबर को मैक्लुस्कीगंज-लोहरसी पथ पर दिन दहाड़े चंदवा थाना के लोकप्रिय चौकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। सदीक ने सरकार की ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान गंवा दी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं, भरण पोषण करने वाला वह परिवार में एकलौता सदस्य था। इसके मौत से परिवार के उपर दुखों का पहाड़ टुट पड़ा है। आगे कहा कि इतना कुछ होने पर भी सरकार और क्षेत्र के विधायक ने परिवार के ऐसी दुख की घड़ी में दुखी परिवार की सुध अबतक नहीं ली। हेमंत सरकार में शामिल दलों के विधायकों, सांसदों, मंत्रियों को सिर्फ वोट से मतलब है, इनकी ऐसी चुप्पी से लगता है कि उन्हें किसी के दुख दर्द से कोई मतलब नहीं है।

### मेला का आयोजन

**पलामू** :पाटन के द्वारपाल घटवरीया बाबा पर गाय डाढ़ मेला का आयोजन किया गया इस मेला के मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह एवं सेमरी पंचायत के पुर्व मुखिया शीव प्रसाद साव ने संयुक्त रूप से फिता काटकर मेला का उद्घाटन किया मेला में ब्यास चन्दन चहेता एवं रामपति अकेला के बीच दुगोला का कार्यक्रम किया गया इस मेला कार्यक्रम को सफल बनाने में कमीटी के सदस्य आशुतोष पाण्डेय संतोष पासवान दीपक कुमार उपेन्द्र पासवान लाल बाबु बबलू भुईया नौनीत छोटु बबल, टपु जी ने अहम भूमिका निभाई जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने उद्घाटन कर कहा कि पाटन के घटवारिया बाबा स्थल पर कार्यक्रम पूर्वजों से चलते आ रहा है जिसे निभाते रहने की जरुरत को पूरा करनेवाले सभी सदस्य को आभार व्यक्त करता हू और आशा भी सभी पाटन वासियों को अपलोगो पर ही है, जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा कि इस जगह को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने की जुर्त हैं जिसे पूरा करने का कोसीस करुंगा इस तरह के आयोजन होना चाहिए कार्यक्रम होने से आपसी भाईचारा समाज में कायम होता है।

पूर्व मंत्री चौंकीदार स्व. सदीक अंसारी के घर पहुंचे, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

# घटना में शामिल लोगों की जल्द हो गिरफ्तारी : केएन त्रिपाठी



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा**: विगत 7 नवंबर को चंदवा- मैक्लुस्कीगंज पथ पर चंदवा थाना के चौंकीदार सदीक अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शनिवार को पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता केएन त्रिपाठी, स्व0 सदीक अंसारी के घर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। कहा कि दुख की इस घड़ी में वह पूरे परिवार के साथ हैं। उन्होंने थाना प्रभारी से फोन पर बात कर मामले पर जानकारी ली, कहा कि सदीक अंसारी, थाना और समाज के एक अंग थे, घटना में शामिल लोगों को तत्काल गिरफ्तार किए जाएं। पूर्व मंत्री के साथ चंदवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, परमदेव सिंह, संजय दुबे, सुरेंद्र पासवान, शंभू यादव, सुरेंद्र भारती, राजद के संजय यादव, समेत स्थानीय लोगों में अमीन अंसारी, जमाल अंसारी, हाफिज शेर मोहम्मद, नेशार अंसारी, मो. सनाउल्लाह, मो. इम्तियाज व अन्य मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया गया प्रकाश का पर्व दीपावली



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर**: प्रकाश का पर्व दीपावली रविवार की रात हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर घर-आंगन, मकान, दुकान, प्रतिष्ठानों आदि को खूबसूरत लरियों से सजाया गया था। दीपक की झिलमिलाती रोशनी व विद्युत प्रकाश से पलामू नहा उठा। घर-आंगन व प्रतिष्ठानों जगमग करते रहे। दीपावली को ले रविवार की सुबह से ही अंतिम तैयारियां चलती रही। लोगों ने साफ-सफाई कर मकानों व दुकानों के रंग रोगन को अंतिम रूप दिया। मां लक्ष्मी की स्वागत को ले लोगों ने शाम को घरों के दरवाजों पर रंग बिरंगी रंगोली बनाए। घरों को रंग बिरंगी लरियों व दीपक की रोशनी से रोशन किया। संध्या बेला में मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई व सुख समृद्धि का वरदान मांगा गया। मान्यता है कि कार्तिक अमावस्या के दिन गोधूली वेला में धरती पर घूमने आती है। साफ-स्वच्छ घरों में प्रवेश कर सुख संपदा का वरदान देती है। इधर दीपावली को ले पूरी रात इलाका बम पटाखों की गूंज से गूंजता रहा। बच्चों ने फूलझड़ियां जलाकर मनोरंजन किया। हालांकि इस वर्ष कम आतिशबाजी देखी गई। पिछले वर्ष करीब 4 लाख की आतिशबाजी हुई थी। यह घटकर इस बार 3.5 लाख रह गया। शहर की दुकानें व प्रतिष्ठानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।। शाम को लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना कर उन्हें लडडूओं का प्रसाद चढ़ाया गया। दीपावली पर मंदिरों में भी पूजा की धूम रही। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में जाकर मां लक्ष्मी काली आदि की भी पूजा अर्चना की। शहर में लाखो के पटाखे छोड़े गए। कई क्षेत्रों में लोगों को कई जगहों पर जुआ खेलते भी देखा गया।दीपावली की उत्साह के साथ-साथ बंगीय दुर्गा बाड़ी व रेलवे क्लब में काली पूजा हुई। दिवाली के अवसर पर बंगीय दुर्गा बाड़ी, रेलवे क्लब समेत कई जगहों पर मां काली की पूजा अर्चना हुई। रेड़मा व छह महान काली मंदिर में विशेष पूजा अर्चना किया गया। बंगीय दुर्गा बड़ी में पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने पूजा कराया. इस अवसर पर मां काली की प्रतिमा को चांदी के गहनों से सजाया गया।वही दीपावली की सुरक्षा को लेकर रात भर शहर थाना की पुलिस मेदिनीनगर शहर के अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए देखे गए।

# झारखण्ड के पलामू में 51 हजार दीप प्रज्वलित का बना रिकार्ड



राष्ट्रीय खबर

**पलामू** : राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के पावन भूमि पर झारखण्ड के प्रथम चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण कर रही है, जिसकी लागत तकरीबन दो करोड़ बतायी जा रही है, इस मंदिर का निर्माण दक्षिण भारत से आए कारीगरो के द्वारा कराया जा रहा। इस निमार्णाधीन परशुराम मंदिर के प्रांगण, राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों सदस्यों एवं शहर वासियों ने मिलकर हाथ में दीपक ले साज सज्जा को अंतिम रूप दिया, जिसमें दीपक एवं गूगल के साथ मिलाकर, भारत माता की आकृति, शांति का प्रतीक ओम, स्वस्तिक,भगवान राम, भगवान परशुराम की जय घोष की कलाकृतियां दीप के द्वारा ही बनाई गई थी जो शहर वासियों के लिये आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा, शहर वासियों के द्वारा इतनी ज्यादा संख्या में दीपोत्सव किसी मंदिर पर प्रज्वलित होना एक नया अहसास था, जिसे देख लोग काफी उत्साहित थे। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारियों के द्वारा पूर्व से इस कार्यक्रम को लेकर आह्वान किया गया था, एक दीप अपने प्रभु अपने आराध्य को मंदिर परिसर में आकर अपने नाम से समर्पित करें, इसमे शहर वासियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं दिपोउत्सव प्रज्वलित करने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। दीप प्रज्वलित करने से पूर्व धमार्चार्य रमेश पांडे के द्वारा स्वस्तिवाचन , दीप का ध्यान,मंत्र दीपो ज्योति परंब्रह्म दीपो ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु मे पापं संध्यादीप नमोस्तुते मंत्रोच्चार के साथ दिपोउत्सव शुरू की गई। इस कार्यक्रम में मौजूद रहे राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने कहा कि दीप प्रकाश का द्योतक है, तो प्रकाश ज्ञान का। परमात्मा से हमें संपूर्ण ज्ञान मिले इसीलिए दीप प्रज्वलन करने की परंपरा है। कोई भी पूजा हो या किसी समारोह का शुभारंभ। समस्त शुभ कार्यों का आरंभ दीप प्रज्वलन से होता है। जिस प्रकार दीप की ज्योति हमेशा ऊपर की ओर उठी रहती है, उसी प्रकार मानव की वृत्ति भी सदा ऊपर ही उठे, यही दीप प्रज्वलन का अर्थ है। अतः समस्त कल्याण की चाह रखने वाले मनुष्य को दीप जलाते समय यह मंत्र अवश्य पढ़ना चाहिए। निश्चित ही आपका कल्याण होगा।

# दीपों से जगमगा उठा श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर (पलामू)** : महायज्ञ स्थल पर दीपावली के दिन दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 मंजिला यज्ञ मंडप रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। महिलाओं ने यज्ञ मंडप के चारों ओर दीप जलाकर स्थल को जागृत किया। सरस्वती कुमारी लक्ष्मी ने यज्ञ मंडप को मनोरम छटा देते हुए मनमोहक रंगोली का निर्माण किया। रंगोली श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। पहली बार बिना भजन संध्या कार्यक्रम के शहर के कई मुहल्लों के लोग दीपोत्सव में शामिल हुए। यज्ञ मंडप पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक-एक कर दीप जलाए। महायज्ञ समिति की ओर से 501 दीप की व्यवस्था की गई थी। मौके पर अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, संरक्षक आशीष भारद्वाज, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी,उपाध्यक्ष लल्लू पांडेय,नवीन तिवारी, यज्ञशाला प्रभारी कृष्णकांत चौबे, संजय कुमार मिश्रा, सुरक्षा प्रभारी बृजेश शुक्ला, सचिव विशाल पांडेय, शुभम दुबे, गोलू, संजय पांडेय, सौरभ दुबे, ज्ञानेश तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, चंदन तिवारी, आर के चंदन,अविनाश शुक्ला, प्रवक्ता आशुतोष पांडेय उर्फ लक्की, महेंद्र सिंह, सतीश पांडेय, सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश तिवारी, बिट्टू, अजीत चौबे, दिलीप तिवारी, आनंद प्रकाश दुबे, महिला संयोजिका संजू शुक्ला, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। यह जानकारी महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला ने दी।

सिस्टम | तीसरी लाइन पर ट्रेनों के परिचालन में होगी सुविधा

# जपला स्टेशन पर लगा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम

- नए सिस्टम के साथ ट्रेनों के परिचालन कार्य की शुरूआत की गई
- गुप्ता के निर्देश पर रेल अवसंरचना विकास और उन्नयन का कार्य जारी है

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर**: पलामू पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के दिशा निर्देश पर रेल अवसंरचना विकास और उन्नयन का कार्य जारी है। इसके तहत रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सुचारू रेल परिचालन के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए डीडीयू मंडल के अंतर्गत सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड स्थित जपला स्टेशन पर शनिवार बेएक डी नया आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरांत शुक्रवार रात नए सिस्टम के साथ ट्रेनों के परिचालन कार्य की शुरूआत की गई।

ट्रैक मोडिफिकेशन, नए प्वाइंट आदि लगाने के साथ यार्ड रीमॉडलिंग करते हुए जपला स्टेशन पर 103 रुट की क्षमता वाले नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। नया इंटरलॉकिंग सिस्टम अत्याधुनिक सिग्नलिंग उपकरणों और सुविधाओं से युक्त है।विदित हो कि रेल परिचालन स्पीड की क्षमता में वृद्धि के लिए सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के अंतर्गत जपला स्टेशन पर तीसरी लाइन से भी रेल परिचालन के लिए नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में व्यवस्था हो गई है।इस स्टेशन पर नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम समग्र रूप में डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि वीइसी एच सहायक होगा।विशेषकर इस क्षेत्र में कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज और सुगम होगा। वहीं नए इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ ट्रेनों के परिचालन से रेल कर्मियों में काफी खुशी देखी गई।

### लक्ष्मी पूजा करने से घर में होती है सुख शांति, समृद्धि की वास : विधायक डॉ. मेहता

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर** : पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने लक्ष्मी पूजा के अवसर पर कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान पूजा कमेटी ने विधायक डॉ. मेहता को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक डॉ. मेहता ने नीलांबर - पीतांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के जामुनडीह पंचायत के बौराखाड़ में लक्ष्मी पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विधायक ने मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए सहयोग देने की घोषणा की। इसके अलावे विधायक डॉ. मेहता ने पांकी प्रखंड के सगालीम, पांकी के पुरषोत्तमपुर, पांकी के ढूब, तरहसी प्रखंड के उदयपुरा टू पंचायत के ग्राम छेचानी - महुअरी, तरहसी के सिंजो, प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के पंचायत डबरा के ग्राम नावाडीह तेनार, बनुआ,पचमो, सतबरवा प्रखंड के पिंडरा सहित कई जगहों पर फीता काटकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर विधायक डॉ. मेहता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से समाज में समरसता आती है। ऊंच - नीच का भेदभाव खत्म होता है। इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों का मानसिक विकास होता है। मां लक्ष्मी की पूजा करने से घर में सुख, शांति, समृद्धि का वास होता है। दिवाली के दिन माता लक्ष्मी , भगवान गणेश और भगवान कुबेर की विशेष आराधना की जाती है। प्रकाश हमें अंधेरे से उजाले की ओर ले जाता है। विधायक डॉ. मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। विधायक ने पूजा कमेटी को सहयोग राशि प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया।

**शहर >> अपडेट**

### मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण : अब्दुल अंसारी

**महेशपुर :** प्रखंड अंतर्गत बड़कियारी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को जनप्रतीनिधि मुखिया श्री योगेश्वर हेंब्रम व सेविका हसीना खातून ने 25 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। सेविका हसीना खातून ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं के माध्यम से ही बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है। सेबिका द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार लेने और खान पान की जानकारी दी जाती है। श्री योगेश्वर हेमरम ने बताया कि ठंड को देखते हुए बाल विकास परियोजना विभाग ने गर्म स्वेटर बच्चों को उपलब्ध करवाया है। मौके पर उपस्थित वाड सदस्य सहजहाँ सेख, एमडी मुस्लिम हुसैन, नूर जमाल सेख , कई लोग उपस्थित रहे।

**सिटी अपडेट्स >>**

### छठ पूजा को लेकर घाटों की हुई साफ सफाई

**मरकच्चो:** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा की तैयारी को लेकर मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न घाटों, तालाबों अन्य घाटों की साफ-सफाई जोर-शोर से की जा रही है। इसके तहत पुरनानगर के टोला खटोलिया स्थित बक्सी आहर के छठ घाट एवं नावाडीह घाट की भी सफाई ग्रामीणों के द्वारा की गई। सफाई कार्य में मुखलाल वर्मा, रंजीत राणा, अनिल वर्मा, चंद्रिका वर्मा, पवन वर्मा, प्रकाश वर्मा, झारखंडी वर्मा, दीपक यादव, जोहार महतो, किशोर वर्मा, पप्पू यादव, दीपक राणा, विक्रम राणा, राजेश वर्मा, अजय राणा, बिक्की यादव, प्रिंस राणा, नीतीश राणा, प्रवीन वर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### दंगल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**सतगावां:** प्रखंड के मीरगंज पंचायत के पचौरी में सोमवार को लक्ष्मी पूजा के उपरांत गोवर्धन पूजा के दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह दंगल प्रतियोगिता कई वर्षो से चल रहा है। जहां पंचायत के ग्रामीण एकत्रित होकर दूर दराज के विभिन्न गांवों से आए हुए लोगों को कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में भाग ले लेते है। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव एवं सचिव सुरेंद्र कुमार के द्वारा आयोजन किया गया जिसमें 12 गांव से दो दर्जन से अधिक कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी उपस्थित हुए। बंटी यादव, कौशल यादव, संदीप कुमार, शशिकांत कुमार, राजेश कुमार, रंजीत कुमार, चंदेश्वर मुसहर, विकाश कुमार, राहुल यादव, रोशन यादव, प्रदीप चौधरी, संदीप चौधरी, अंग्रेज कुमार आदि ने भाग लिया। इनमें से बंटी यादव प्रथम, कौशल यादव द्वितीय एवं तृतीय स्थान संदीप कुमार ने प्राप्त किया। अध्यक्ष सुबोध कुमार, मुखिया मंटू चौधरी, मोहन यादव, नरेश यादव, बाबूलाल यादव, महेश यादव, अशोक यादव, राजेंद्र यादव, बंसी चौधरी, लाल यादव ने सामूहिक रूप से पुरस्कार दिया।

### श्री गोवर्धन पूजा आज, तैयारी पूरी

**मरकच्चो:** श्री गोवर्धन पूजा समिति मरकच्चो के द्वारा इस वर्ष भी श्री गोवर्धन पूजा धूमधाम से मंगलवार को मनाया जायगा। जिसकी तैयारी जोरों से की जा रही है। उक्त बातों की जानकारी श्री गोवर्धन पूजा समिति के अध्यक्ष शुभाष चन्द्र यादव, सचिव बबलु यादव व कोषाध्यक्ष राजकुमार यादव ने संयुक्त रूप से दी। उनलोगों ने बताया कि मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित नावाडीह रेलवे स्टेशन मैदान (गुरहा) में श्री गोवर्धन पूजा 14 नवम्बर को मनाया जायगा।

**आयोजन** पूजन कार्य और सभी चीजों की पूर्णता फिर हवन का आयोजन

# काली मंदिर में जय मांते का गूंजा जयकार

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** जय माँ काली के उधघोष से गूंजा पूरा शहर । जी हां मौका था माँ काली के पूजन उत्सव का । झुमरी तिलैया शहर के सामन्ता काली मंदिर का रौशनी से जगमग परिसर । भक्तों का हर साल की भांति ही सैलाब । एक अलग अलौकिक भक्ति पूर्ण माहौल और माँ काली की कृपा को आतुर भक्तों के एहसास का अवसर । संध्या साढ़े सात बजे से जैसे ही पूजन कार्य प्रारंभ हुआ मानों भक्त आराधना में तल्लीन हो गये । हर आम व खास पुरुष महिलायें बच्चे सभी पूजन में व्यस्त । बडे भाव से नेमतें मंगने लोग इस मौके पर यहां पहुंचते हैं । यह मान्यता है यहां सच्चे भाव से माँगने वालों की मुराद पूरी होती है । पूजन कार्य और सभी चीजों की पूर्णता फिर हवन का आयोजन । रात 12 बजे तक मंदिर परिसर में गहमा गहमी । इलाके में यह काली मंदिर काफी ख्यात है । गौरतलब है की कोडरमा के सम्मानित माइका व्यापारी व



समाजसेवी स्वर्गीय गंगाधर सामन्ता ने इस मंदिर का भक्ति भाव से निर्माण कराया था । स्वर्गीय गंगाधर सामन्ता के पोते व उधमी कोडरमा बंगाली एसोसिएशन के पूर्व अध्यछ उत्पल सामन्ता ने बताया की 1967 में उनके दादा जी की देखरेख में यह मंदिर पूर्ण हुया था यहां पूजा शुरू हुई । उन्होने बताया की इस मंदिर के पीछे पहले पुराने मंदिर में माता की पूजा नियमित होती थी । उन्होने बताया की 1954 के दशक में मथुरा से निर्मित माँ काली की मूर्ति मंगाकर पुराने मंदिर में स्थापित किया गया था । फिर नये मंदिर का कार्य पूर्ण होने पर 1967 में उस मूर्ति को यहां स्थापित किया गया । 56 वर्षों के बाद भी इस नये मंदिर की भव्यता देखते ही बनती है । एक बार जो भक्त यहां आते हैं माता की भक्ति के मुरीद हो जाते हैं । गौरतलब है की स्वर्गीय गंगाधर सामन्ता सामाजिक जीवन में सामाजिक सरोकार रखने वाले खास व्यक्तित्व थे । यही वजह है की वे यहां झुमरी तिलैया नोटिफायड एरिया के पूर्व काल में एक बार अध्यछ रह अपनी सेवाएं दी थी । जिले वासी आज भी उन्हें याद करते हैं । उनके परिजन उनकी सामाजिक विरासत और सहयोग भाव की परम्परा को आज भी आगे बढा रहे हैं । मौके पर पूजन कार्य में उत्पल सामन्ता इन्द्राणी सामन्ता इन्द्रजीत सामन्ता रुपा सामन्ता डॉक्टर अभिजित राय डॉक्टर लूना मित्रा अरुण मोदी श्री तिवारी जी राजू सिंह जूही दास गुप्ता राजेश कुमार सिंह वरीय अधिवक्ता किरण कुमारी सोबेजीत सामन्ता अवतार सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग व्यापारी समाजसेवी भक्त शामिल हुए ।



जहांगीर की कैद से मिली थी मुक्ति

## बंदी छोड़ दिवस मनाया गया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** खुशी में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में , एक विशेष दीवान सजाया गया, इस अवसर पर मौजूद सभा के सचिव गुरभेज सिंह शम्मी ने बताया कि दिवाली के साथ सिख संगत बंदी छोड़ दिवस मनाते हैं आज के दिन ही सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद साहिब ने जहांगीर की कैद से 52 राजाओं को मुक्त कराया था इस अवसर पर विशेष दीवान में ज्ञानी राजा सिंह बीबी जसवीर कौर बीबी मनजीत कौर ने शब्द कीर्तन किया तथा नाम सिमरन किया विशेष दीवान की समाप्ति के उपरांत मिष्ठान प्रसाद का वितरण किया गया गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरजीत सिंह सलूजा सिंह ने संगत को बधाई दी अंत में सभा के सचिव ने संगत को धन्यवाद दिया तथा गुरु के बताए सच्चे मार्ग पर चलने की शिक्षा दी ।

26 वर्षो का सफर तय कर विशाल वट वृक्ष बन गया

## 27 वां श्री श्याम महोत्सव की तैयारी जोरों पर



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल :** चांडिल में 23 नवंबर को आयोजित होने वाले 27 वां श्री श्याम महोत्सव की तयारी जोर शोर से चल रही हैं। इसको लेकर श्री श्याम कला भवन चांडिल के सदस्यों की बैठक श्याम मंदिर में हुई जिसमें श्री श्याम जन्मोत्सव की तैयारीयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि इस बार तीन दिवसीय श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है जिसमें प्रथम दिन बाबा श्याम का निशान यात्रा निकलेगा और दूसरे दिन बाबा श्याम का जन्मोत्सव एवं विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें जयपुर, इलाहाबाद दिल्ली के कलाकारों के द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जायगी। श्री चौधरी ने कहा की पिछले 26 वर्षो से लगातार श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है इस कार्यक्रम मे कई नामी गिरामी भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी है। उन्होंने कहा की वर्ष 1997 मे चांडिल के स्व राधेश्याम शर्मा, स्व प्रह्लाद जालान, प्रभु दयाल बागड़ीया, श्री भगवान जालान, राजेश पसरी, दुर्गा चौधरी सहित अन्य श्याम प्रेमियों के द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजित किया गया था जो उस व्क्त छोटा सा पौधा था लेकिन आज लगातार 26 वर्षो का सफर तय कर विशाल वट वृक्ष बन गया है। श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम को पूरे चांडिल अनुमंडल के हजारों लोग देखने आते हैं, कार्यक्रम की तैयारी जोर शोर से चल रही हैं, सभी सदस्य कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। बैठक मे दुर्गा चौधरी, राजीव साव, पवन जालान,अश्विनी शर्मा, रोहित चौधरी, मोंटी चौधरी आदि उपस्थित थे।

## माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर की पूजा-अर्चना



राष्ट्रीय खबर

**सतगावां:** प्रखंड क्षेत्र में शिवपुर,बासोडीह, मार्चोई, खुट्टा राऊतडीह, मोदीडीह व ढाब आदि जगहों पर धन की देवी मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई है। रविवार की मध्य रात्रि पूजन मुहूर्त के अनुसार पंडितों, आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा करायी। इससे पूर्व कलश स्थापन भी कराया। इसके बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई। माता लक्ष्मी के जयकारे से पूजा स्थल गूंज उठा। दिवाली के दिन अपने जीवन में सुख-शांति बनाए रखने के लिए लोगों ने अपने घरों, दुकानो, ऑफिस आदि जगहों में पूरे विधि विधान के साथ मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। आचार्यों ने बताया कि श्रद्धा के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने वालों की धन की वृद्धि होती है। लोगों ने पितरों के लिए दिये भी जलाये। शिवपुर में भव्य जागरण व खुट्टा में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मरचोई में 2 दिवसीय संगीतमय भागवत पुराण कथा आचार्य विजय पांडेय के मुखारबिंद से आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष आनंद कुमार साह अपने दलबल के साथ दीपावली पर्व को शांति पूर्वक मनाने को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पेट्रोलिंग करते नजर आये।

## छठ घाटों का कियी निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम पाकुड़ कांग्रेस भवन में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन से संबंधित चर्चा किया। चर्चा के उपरांत पाकुड़ नगर स्थित काली भशन सहित अन्य छठ घाटों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में कार्यकर्ता और ग्रामीणों के द्वारा दिए गाएं आवेदन पर त्वरित कार्यवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार, महासचिव उदय लखवानी, दाउत मरांडी मुखिया सलीम शेख, आरिफ शेख, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष बिलाल शेख, नईम शेख सहित अन्य कार्यकताओं उपस्थित थे। इसकी जानकारी पियारूल इस्लाम सोशल मीडिया प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी पाकुड़ ने दी

**दीपावली** दीवाली के लिए बांटे गए विशेष पैकेट

# आपदा मित्रों ने बिरहोर परिवारों संग मनाई दीपावली

- गरीबी इनका सबसे बडा अभिशाप
- सभी मुख्यधारा से बाहर



राष्ट्रीय खबर

**चौपारन:** समाज के सबसे अभिवंचित आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के साथ खुशियां बिखेर कर आपदा मित्रों ने दीवाली मनाई। इस दौरान बिरहोर परिवारों के बीच मिठाई , हल्के रौशन वाले पटाखे, दीया,तेल और मिठाइयां बांटी गई। इन्हें पाकर बच्चों के चेहरे पर काफी खुशी दिखी। इस दौरान कठंबा और बिगहा में दो सौ से अधिक लोगों को दीवाली के लिए बनाए गए विशेष पैकेट दिये गये। इस दौरान बिगहा में मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, सन्नी मितल,अनुज सिंह तथा कठंबा में रोहित जैन, बिनोद कुमार,दिलीप राणा, मनीष साहु, करुणानिधि, शशि शेखर सहित अन्य ने घंटों गांव में रहकर सभी के बीच खुशियां बांटी। आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि बीते कई सालों से बिरहोर परिवारों की सेवा की जा रही है। विशेषकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गो को सेवा दिया जाता है। बताया कि आज भी यह वर्ग विकास से कोसों दूर है। इनके रहने के आवास नहीं है। गरीबी इनका सबसे बडा अभिशाप है। सभी मुख्यधारा से बाहर हैं। ऐसे में आपदा मित्र बीते कई सालों से दीवाली,होली, दुगार्पूजा सहित सदस्यों के जन्मदिवस अथवा परिजनों की याद में भोजन, वस्त्र, कंबल आदि का वितरण करते हैं। आपदा मित्रों के इस प्रयास से प्रेरणा लेकर अब समाज के कई वर्ग विशेष अवसरों पर बिरहोर परिवारों की सेवा करते हैं। इससे समाजसेवा की इच्छा बलवती होती है और अभिवंचित वर्ग को सीधा लाभ मिलता है। बताते चलें कि कोरोना काल के समय अस्तित्व में आये आपदा मित्र सेवा फाउंडेशन सेवा की मिसाल स्थापित कर रहा है। फाउंडेशन वर्तमान में पुस्तकालय और एंबुलेंस का भी निश्शुल्क सेवा दे रहा है। पुस्तकालय में सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को निश्शुल्क गणित, विज्ञान और कंप्यूटर की जुनियर और सीनियर वर्ग में शिक्षा मुहैया कराई जा रही है। फाउंडेशन के अध्यक्ष बिनोद स्वर्णकार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि वंचितों और जरुरतमंदों को सहयोग कर सकें। फाउंडेशन के सदस्य लगातार शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा वर्ग के लिए काम कर रहा है।

**न्यूज फटाफट**

### मजदूर नेता का बासुदेव आचार्य का निधन



**कोडरमा :** सेन्टर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य, आल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष और सीटू के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कामरेड बासुदेव आचार्य के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। सीटू के झारखंड राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बासुदेव आचार्य पिछले एक महीने से बीमार चल रहे थे और हैदराबाद में इलाज के दौरान सोमवार को अपराह्न 12।30 बजे उनका निधन हो गया। कामरेड आचार्य पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा संसदीय क्षेत्र से 9 बार लोकसभा के सांसद रहे थे तथा संसद में पार्टी ग्रुप के नेता के तौर पर उनकी संसदीय दक्षता के सभी कायल थे। रेलवे और कृषि मंत्रालय की संसदीय स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन के रुप में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों और किसानों के हितों के लिए अथक परिश्रम कर उनका सशक्तिकरण करने का काम किया। रेलवे कर्मचारियों के बीच बासु दा के नाम से काफी लोकप्रिय थे। वे एक अत्यंत सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के नेता थे। अखिल भारतीय कोल वर्कर्स फेडरेशन के अध्यक्ष के रूप में वे कोयला कामगारों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहते थे।उनके निधन से देश के मजदूर आंदोलन को क्षति हुई है। सीटू की का झारखंड राज्य कमिटी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### वसंती देवी की मौत



**पेटरवार :** पेटरवार /कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला ग्राम निवासी सह बोकारो के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैधमारा के शिक्षक सुमन कुमार महतो की माता वसंती देवी 72 वर्ष की आसामयिक मौत रविवार की रात्रि दो बजे हृदय गति रुक जाने के कारण हो गयी। दिवंगत वसंती देवी सेवानिवृत बीएसएल कर्मी स्व बद्रीनारायण महतो की पत्नी थी। बताया गया कि वसंती देवी बरईकला स्थित अपने मकान में भोजन करने के बाद रोज दिनों की तरह सो गयीं परन्तु रात में उठ कर अपनी पतोहू को बतायी कि अचानक श्वास लेने में दिक्कत हो रही है। इलाज के लिए व्यवस्था किये जाने के क्रम में ही उनका निधन हो गया। इसके पूर्व वह पूर्णतः स्वस्थ थीं। प्रभात खबर अखबार पढ़ना उनके दिनचर्या में लंबे समय से शामिल था। वह एक धर्म परायण व मिलनसार महिला थीं। दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी । रामगढ़ के भाजपा नेता शेखर चौधरी, बरईकला की मुखिया अनीता देवी, पंसस दिलीप महतो, भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच के अध्यक्ष साधुचरण सिन्हा, महिला कृषक कलावती देवी, सहायक अध्यापक उमेश कुमार महतो आदि ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दी एवं गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही परिजनों को ढाढ़स बंधाया। दिवंगत का दाह संस्कार सोमवार को शमसान घाट बांकी गढ़ा में कर दिया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण, शिक्षक, संबंधि व समाज के लोग मौजूद थे।

### बच्चे 'द बेस्ट स्टुडेंट अवॉर्ड से होंगे सम्मानित : डॉ जे.सी.राज

**देवघर :** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस 'बाल दिवस' के अवसर पर ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित संत माइकल एंग्लो विद्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी संत माइकल एंग्लो विद्यालय के चेयरमैन डॉ.जे.सी.राज ने दी। डॉ. राज ने कहा कि यह सम्मान 'द बेस्ट स्टुडेंट अवॉर्ड' के नाम से जाना जाएगा। यह सम्मान नर्सरी से कक्षा दस तक के वैसे विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने स्कूल के विभिन्न क्षेत्रों में एक्टिविटी के अलावे जिले भर के एक्टिविटी में भाग लेते हुए न सिर्फ स्कूल का वरन जिले का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि बच्चों को एक सुरक्षित और खुशहाल वातावरण देने की सोच के अनुरूप संत माइकल एंग्लो विद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बच्चों को सम्मानित करने को लेकर हर साल द बेस्ट स्टुडेंट अवॉर्ड प्रदान करता है। मौके पर डॉ. जे.सी राज ने कहा कि यह पुरस्कार समारोह हमारे सबसे बहुमूल्य अवसरों में से एक है, क्योंकि यह बच्चों को एक ऐसा वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है, जहां वे अच्छे मूल्यों व सिद्धांतों को अपना सकें और हमारे देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें

### महिला मंडल समूह के बीच स्ट्राबेरी का पौधा वितरण



**मरकच्चो:** प्रखंड के ग्राम पंचायत नावाडीह स्थित पंचायत भवन के समीप 12 नवंबर को महिला मंडल समूह के बीच स्ट्राबेरी का पौधा वितरण किया गया। इस दौरान गौतम कुमार तिवारी ग्रीन गार्डन राँची ने बताया कि इस पौधा को लगाकर महिला मंडल समूह की बहनें अपनी अच्छी कमाई कर सकते हैं। वही उन्होंने इसे लगाने की विधि भी बताया। मौके पर उद्यान मित्र कालेश्वर यादव के द्वारा महिला समूह को कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। मौके पर कुसुम देवी, कंचन कुमारी, देवानती देवी, हेमंती देवी, रूबी देवी, रिंकी कुमारी, गुड़िया देवी, नशीमा खातून, शाहीना खातून, गुलनाज प्रवीन, साजदा खातून, सीता देवी, ललिता देवी, नीलिमा देवी समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### दीपावली पर रंग बिरंगी रोशनी के बीच लोगों ने जलाए आस्था के दीए

**कोडरमा:** दीपावली की शाम पूरा कोडरमा रंग बिरंगे लाइटों से नहा उठा। लोगो ने अपने अपने घरों और पूजा कमरे में आस्था के दीप भी जलाए, घरों की सजावट भी रंग बिरंगे लाइटों और झालरों से कर रखा था। सारा दिन लोगो ने घरों का सजावट किया। शाम होते ही पूरा कोडरमा जिले के विभिन्न प्रखंड व शहरी इलाके में दियो और लाइटों से जगमगा उठा। इस मौके पर बच्चो व युवाओ के साथ महिलाओं ने जमकर आतिशबाजी की। लोग फुलझाड़ी से लेकर अनार, और स्काई लांटेंन और तेज आवाज वाले आतिशबाजी भी जमकर छोड़ा। देर शाम सुख समृद्धि और निरोगिकाया की कामना कर भक्तो ने माता महालक्ष्मी व मंगलमूर्ति भगवान गणेश की आराधना किया। फल फूल और पूजन सामग्री का भोग देवी देवताओं को अर्पित किया जबकि वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता महालक्ष्मी और भगवान गणेश का आवाह्न करते दिखे, वहीं घरों से लेकर दुकानों और फैक्ट्री में पूजा अर्चना का दौर शाम से शुरू होते हुए देर रात तक जारी रहा। इस दौरान घर आए अतिथियों को महिलाएं मिठाई और कई प्रकार के लजीज व्यंजन परोंष रही थी। कमोबेश, दीपावली की रौनक पूरे जिले में देखने को मिला।

## न्यूज फटाफट

### अंडर-17 फीफा विश्व कप में फ्रांस ने बुर्किना फासो और अमेरिका ने दक्षिण कोरिया को हराया



**जकार्ता :** अंडर-17 फीफा विश्व कप के ग्रुप ई के मुकाबलों में फ्रांस ने बुर्किना फासो और अमेरिका ने दक्षिण कोरिया को हराया। जकार्ता इंटरनेशनल स्टेडियम (जेआईएस) में रविवार को खेले गये मुकाबले में फ्रांस ने बुर्किना फासो पर 3-0 से शानदार जीत हासिल की। फ्रांस के लिए सभी गोल दूसरे हाफ में मैथिस लेम्बोर्डे, जोन लेनी यानिस टिनक्रेस और टिडियाम गोमिस ने किए। ग्रुप ई के एक अन्य मैच में अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-1 से आश्चर्यजनक जीत दर्ज की। निमफाशा बर्चिमास ने दो गोल किए और मिडफील्डर क्रूज़ मदीना एक गोल किया। अमेरिका बुधवार को अपने दूसरे ग्रुप मैच में बुर्किना फासो से मुकाबला करेगा। फ्रांस उसी दिन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगा। टूर्नामेंट का ग्रुप चरण शनिवार तक जारी रहेगा।

### गढ़वाल ने जीता भगत सिंह टूर्नामेंट का खिताब

**नयी दिल्ली :** गढ़वाल एफसी ने सोमवार को रॉयल रेंजर्स को टाई ब्रेकर में 5-3 से हराकर दूसरे शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए औसत दर्जे के फाइनल में दोनों टीमों ने आसान मौके गंवाए। हालांकि पहले हाफ में गढ़वाल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन गोल नहीं निकल पाया। दूसरे हाफ में भारण्यू बंसल के बेहतरीन गोल से रेंजर्स ने बढ़त बनाई लेकिन स्थानापन खिलाड़ी सुमित ने शानदार गोल से हिसाब बराबर कर दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1- 1 से बराबर रहीं। इसके बाद टाई ब्रेकर में गढ़वाल के लिए जय दीप, अर्जुन गौतम, राधा कांता, कप्तान नीरज भंडारी और सुमित ने गोल किए। जबकि रेंजर्स के लिए शुभम राय, भारण्यू बंसल और विश्वा जीत जेना गोल किये।

**उपलब्धि**

आईसीसी विश्वकप में लीग स्तर पर हुए 45 मुकाबलों में

# विश्व कप में लीग स्तर पर बल्लेबाजी में विराट, गेंदबाजी में जम्पा रहे सर्वश्रेष्ठ

▶▶ क्विंटन डि काक नौ मैचों में 65.66 की औसत के 591 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है







**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** आईसीसी विश्वकप में लीग स्तर पर हुए 45 मुकाबलों में बल्लेबाजी में भारत के विराट कोहली 594 रन और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज एडम जैम्पा 22 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे। भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली नौ लीग मुकाबलों में 99 की औसत से 594 रन बनाकर शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा ने इस विश्वकप में विकेटों के मामले में शीर्ष पर चल रहे हैं। उन्होंने नौ लीग मुकाबलों में 18.90 की औसत से 22 विकेटों के साथ सबसे ऊपर चल रहे है। बल्लेबाजी में दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि काक नौ मैचों में 65.66 की औसत के 591 रन बनाकर दूसरे स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में विश्वकप से बाहर हो चुकी श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका ने 9 मैचों में 25 की औसत से 21 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। बल्लेबाजी में तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्रन नौ मुकाबलों में 70.62 की औसत से 565 रन बनाकर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने सात लीग मुकाबले में 19.38 औसत से 18 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर रहे है। भारत के रोहित शर्मा नौ मुकाबलों में 55.88 की और से 505 रन बनाकर चौथे स्थान पर है। इसी नंबर पर पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने नौ मैचों में 26.72 की औसत से 18 विकेट लिए है। ऑस्ट्रेलिया के डीए वार्नर नौ मैचों में 55.44की औसत से 499 रन बनाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं गेंदबाजी में भारत के जसप्रीत बुमराह 9 मैचों में 15.64 की औसत से 17 विकेट लिये है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के मार्को यान्सिन भी इस विश्व कप के आठ मैचों में 24.41 की औसत से 17 विकेट ले चुके हैं।

# दो दिवसीय अंतरराज्य जूनियर एवम सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

▶▶ पुलिस अधीक्षक श्री नौशाद आलम ने क्रॉस कंट्री दौड़ का किया उद्घाटन

▶▶ पहले दिन क्रॉस कंट्री दौड़ एवं फिल्ड इवेंट अंतर्गत जेवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद का किया गया आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** टाईगर एथलेटिक्स क्लब, सकरीगली के द्वारा बाल दिवस के अवसर पर रेलवे मैदान, सकरीगली में दो दिवसीय 58वी अंतरराज्य जूनियर एवम सिनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन टाईगर एथलेटिक्स क्लब सकरीगली के द्वारा जिला एथलेटिक्स एवं जिला ओलंपिक संघ के सहयोग से क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ प्रारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने पुरुष प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर कर किया। दो दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अवसर पर पुरुष एवं महिला सिनियर क्रॉस कंट्री दौड़, जुनियर वर्ग बालक एवम बालिका अंडर अंडर 08आयु वर्ग 50 मी.,10 वर्ष लिए 60 मी.,200 मी,अंडर 12 वर्ष लिए 60 मी.,300 मी,अंडर 14 वर्ष लिए 60 मी.,200 मी., लंबी कूद, किड्स जेवलिन,,अंडर 16 वर्ष लिए 80 मी.,400 मी., 1000 मी.,लंबी कूद, ऊंची कूद,जेवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो,पुरूष एवम महिला वर्ग के लिए 100मी., 200मी.,400 मी.800 मी.,1500 मी., शॉट पुट,जेवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कुद,4 गुणा 100 मी.,4 गुणा 200 मी. मिक्स रीले समेत अन्य स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। सभी विजेता खिलाड़ियों को 14 नवंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

### आज का परिणाम

**क्रॉस कंट्री दौड़ पुरूष 08 किलो मीटर**

**प्रथम -सुजीत सरकार - राजमहल**
**द्वितीय - बिट्टू मरांडी-सकरीगली**
**तृतीय - ऋतु राज - साहेबगंज**
**चतुर्थ -लारेंस हेंब्रम - साहेबगंज**
**पंचम - मो.तोहिउद्दीन- साहेबगंज**

### क्रॉस कंट्री दौड़ महिला 03 किलो मीटर

प्रथम- शारदा कुमारी- भागलपुर
द्वितीय - शिखा मंडल-मालदा
तृतीय - ललिता उरांव- साहेबगंज
चतुर्थ - रोशनी कुमारी - साहेबगंज

पंचम - रिंकी कुमारी - साहेबगंज ,दोनो ग्रुप के विजेता प्रतिभागियों प्रथम से पांच स्थान तक को क्रमशः 5000,3000,2000,1000,1000 हजार रुपए एवम ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा।

### किड्स जेवलिन अंडर 14 बालक

प्रथम - युवांश देव
द्वितीय - कृष्णा यादव
तृतीय - अफराज अंसारी

### जेवलिन अंडर 16 बालक

प्रथम - विवेक यादव
द्वितीय - प्रथ्वी मंडल
तृतीय - हरिदेव मंडल

### जेवलिन पुरुष वर्ग

प्रथम - नीरज यादव
द्वितीय - विवेक यादव
तृतीय - शिवम मंडल

### शॉटपुट पुरुष वर्ग

प्रथम - शुभाकर रजक
द्वितीय - एस के अजहर
तृतीय - बिपिन कुमार

### लंबी कूद अंडर 14 बालिका

प्रथम - गोलू मंडल
द्वितीय - सोबिक मंडल
तृतीय - गोपी मरांडी

इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष,कोच अशोक कुमार,योगेश यादव,आशीष रंजन,सुमन कुमार,रजाद्दीन, संतोष कुमार, रमेश चौधरी, गौतम यादव,गौतम मंडल, हरिवंश साहनी,मनीष गुप्ता, आकाश यादव, शर्मिला कुमारी, निमाई चौधरी, बिपिन कुमार तालझारी थाना से प्रदीप कुमार समेत टाईगर क्लब के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित थे।

**जिला नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नम्बर-**
, 9006963963, 6436356485, 6436222100, 9939685774, 100.

### सहवाग, एडुल्जी और डीसिल्वा आईसीसी हॉल ऑफ फेम सम्मान





**एजेंसियां**

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग, हमवन महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान डायना एडुल्जी और श्रीलंकाई बल्लेबाज अरविंदा डीसिल्वा को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है।

आईसीसी ने सोमवार को तीनों खिलाड़ियों को सदस्य के रूप हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने की घोषणा की। वानखेड़े स्टेडियम में बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जाने वाले विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल से पहले इन तीनों खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। एडुल्जी हाल ऑफ फेम में शामिल होने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। एडुल्जी ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा, ''मैं आईसीसी और ज्यूरी को धन्यवाद करना चाहूंगी, जिन्होंने आईसीसी हॉल ऑफ़ फ़ेम 2023 के लिए मेरा नाम चयनित किया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनना निश्चित रूप से मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह ना सिर्फ मेरे, मेरे परिवार, दोस्तों बल्कि बीसीसीआई और भारतीय महिला क्रिकेट के लिए भी गर्व की बात है।'' बाएं हाथ की गेंदबाज एडुल्जी ने भारत के लिए 20 टेस्ट और 30 एकदिवसीय मैच खेले हैं और उनके नाम 107 अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। इसके बाद वह एक सफल क्रिकेट प्रशासक भी बनीं और वह वर्तमान में रिटायर्ड भारतीय महिला क्रिकेटरों के रोजगार अवसरों को बढ़ाने के मुद्दे पर काम करती हैं।

## विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर का गाना बढ़ते चलो रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल की आने वाली फिल्म सैम बहादुर का गाना बढ़ते चलो रिलीज हो गया है। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी जा रही है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फिल्म सैम बहादुर का गाना बढ़ते चलो रिलीज कर दिया गया है। इस गाने को शंकर महादेवन, विशाल ददलानी और दिव्य कुमार ने अपनी आवाज दी है। म्यूजिक शंकर एहसान लॉय का है, जबकि इसके लिरिक्स गुलजार ने लिखे हैं। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म एक दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

## राकेश मिश्रा का छठ गीत पहिला छठ रिलीज



**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना पहिला छठ रिलीज हो गया है। पहिला छठ गाना राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। राकेश मिश्रा ने इस गीत को लेकर कहा कि इसका थीम उन महिलाओं के लिए है जो पहली बार छठ का व्रत कर रही है। छठ का व्रत बेहद पवित्र और स्वच्छता के साथ मनाया जाता है। 36 घंटे निर्जला उपवास वाले इस व्रत को हमने गाने में पिरोकर दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया है। उम्मीद करता हूं यह सबों को बेहद पसंद आएगी। छठ पूजा हमारी संस्कृति की अनूठी पहचान है। हर साल इसे हम लोग पूरी श्रद्धा और तन्मयता के साथ सेलिब्रेट करते हैं। इस बार भी सब का छठ अच्छा हो और भगवान भास्कर सबों की मनोकामना पूर्ण करें यही मेरी कामना है। साथ ही में शब्दों से आग्रह करूंगा कि आप मेरे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इस गाने को मैंने गया जरूर है लेकिन यह आप सबों का गाना है जो छठी माई को समर्पित है। पहिला छठ गाने के गीतकार पवन पांडेय हैं। इस गाने के संगीतकार रोशन सिंह है, निर्देशक आर्यन देव हैं।

## अंजना सिंह और संचिता बनर्जी की फिल्म देवरानी जेठानी 2 का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। निर्माता प्रदीप सिंह की आने वाली फिल्म देवरानी जेठानी 2 में लीड अभिनेत्री अंजना सिंह और संचिता बनर्जी है। इस फिल्म को अजय कुमार झा ने निर्देशित किया है। फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह के साथ अपूर्व मेड़तिया, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह है। फिल्म देवरानी जेठानी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रदीप सिंह का कहना है कि यह तो महज ट्रेलर है, पूरी पिक्चर जब रिलीज होगी, तो दर्शकों को मनोरंजन का पूरा डोज मिलेगा। इंटर10 टेलीविजन प्रा. लिमिटेड प्रेजेंट एव वर्ल्डवाइड फिल्म्स प्रोडक्शन प्रेजें फिल्म देवरानी जेठानी 2 अयोध्या निवास की कहानी है, जिसमें दो भाई रहते हैं और एक की शादी गांव की लड़की से होती है। जबकि दूसरे की शादी शहर की लड़की से होती है। फिर शुरू होता है कलह और हो जाता



है घर क ा बंटवारा। इस दौरान देवरानी और जेठानी के बीच की नोक झोंक के बीच आता है ट्विस्ट, जो फिल्म को एक रोचक मोड़ देता है। फिल्म देवरानी जेठानी 2 के संगीतकार मुन्ना दुबे हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव,मुन्ना दुबे एवं शेखर मधुर हैं। छायांकन मनोज सिंह ने किया है। संकलन गुर्जन्त सिंह ना किया है। नृत्य कानू मुखर्जी का है। कला नाजिर सेख और मारधाड़ श्रवण कुमार का है। कार्यकारी निर्माता कमल यादव हैं।इस फिल्म में अंजना सिंह, संचिता बनर्जी,गौरव झा, देव सिंह, ललित उपाध्याय और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## प्रियंका सिंह और माही श्रीवास्तव का छठ गीत 'पियवा के सिमवा पर' रिलीज

**एजेंसियां**

मुंबईः गायिका प्रियंका सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का छठ गीत 'पियवा के सिमवा पर' रिलीज हो गया है। छठ गीत 'पियवा के सिमवा पर' रिलीज वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है।इस गाने को प्रियंका सिंह ने गाया है। जिसके वीडियो में माही श्रीवास्तव नजर आ रही है। वहीं फौजी पति के किरदार में आकाश यादव हैं। गाने के वीडियो में दिखाया गया है कि बड़ी श्रद्धा भक्ति से छठ माता की पूजा की तैयारी माही श्रीवास्तव अपने पति आकाश यादव के साथ कर रही हैं। तभी माही के पति को सीमा पर वापस ड्यूटी ज्वॉइन करने कॉल आता है और बॉर्डर पर देश की



रक्षा हेतु तैनात हो जाता है। तब माही श्रीवास्तव अकेले ही छठ पूजा करती है और छठ माता से निहोरा करते हुए कहती हैं कि 'भाखत तानी भर२ सइयां घरे जहिया आईब, आंगना में अपना त२ कोसिया भराईब, कि कतही झुकस न सूरज माई देदेब अपना तेजि, हमरा पियवा के सिमवा पे राखब सहेजि... हमरा पियवा के सिमवा पे राखब सहेजि,रिकॉर्ड्स प्रस्तुत छठ सांग 'पियवा के सिमवा पर' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

## देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर रिलीज़ किया अपना नया गाना दिवाली आयो रे

**एजेंसियां**

**मुंबईः** देसी ध्वनि रिकॉर्ड ने दीवाली के अवसर पर अपना नया गाना दिवाली आयो रे रिलीज किया है दिवाली आयो रे में दर्शाया गया है कि प्रभू श्री राम जब अयोध्या से वापस आये और वहा कि प्रजा ने उनके स्वागत पहली दिवाली मनाई थी ' इस गाने को इंडियन आइडल 2023 के विजेता अयोध्या के ऋषी सिंह ने स्वरबद्ध किया है और इस गाने का म्युजिक जितुल बोरा ने किया है। जगदीशचंद्र पाटिल द्वारा निर्मित, इस गाने का निर्देशन विजय बूटे ने किया है। मोनाली गुळवे इस गाने की कार्यकारी निर्माता हैं।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची मंगलवार
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
14:11:2023



## आतंकी शाहनवाज की पत्नी व दोनों बहन की तलाश जारी

रांची: हजारीबाग के रहने वाला आतंकी शाहनवाज की पत्नी और दो बहनों की तलाश एनआईए कर रही है। शाहनवाज मूल रूप से हजारीबाग जिला के कटकमसांडी स्थित पेलावल रोड न्यू महमूदा हाउस का रहने वाला है। बीते दो अक्टूबर को उसे और उसके अन्य साथियों को दिल्ली की स्पेशल सेल की टीम ने गिरफ्तार किया था।

**दौरा** पहले बिरसा मुंडा जेल में करेंगे माल्यार्पण, फिर जायेंगे उलिहातू

# पीएम 18 घंटे रहेंगे रांची-खूंटी, एसपीजी के साथ छह आईएएस व पांच आईपीएस संभालेंगे कमान

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पीएम नरेंद्र मोदी के रांची-खूंटी दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थलों पर छह आईएएस और पांच आईपीएस प्रतिनियुक्त किये गये हैं। प्रधानमंत्री का 14-15 नवंबर को बिरसा मुंडा मेमोरियल रांची, उलीहातु खूंटी और बिरसा कॉलेज मैदान खूंटी में कार्यक्रम है। कार्यक्रमों के संचालन, प्रोटोकॉल और सुरक्षा निर्धारित मापदंड के अनुसार सभी वरीय अफसर की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है।

गौरतलब है की राज्य स्थापना दिवस यानी 15 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी रांची और खूंटी में चार स्थानों पर कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पीएम की सुरक्षा में रांची एयरपोर्ट से लेकर खूंटी तक आईपीएस, डीएसपी सहित 2000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। पीएम के कार्यक्रम में सुरक्षा के साथ-साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाये, इसके लिए झारखंड पुलिस अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। रांची और खूंटी के सभी कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर एसपीजी से लेकर राज्य पुलिस मुख्यालय ने मिलकर तैयारी की है। बीते 11 नवंबर को एसपीजी की टीम में रांची एयरपोर्ट और खूंटी के दोनों कार्यक्रम स्थलों का जायजा भी लिया। कार्यक्रम स्थल को छह जोन में बांटा गया है। हर जोन में सुरक्षा के प्रभार आईपीएस अधिकारियों के जिम्मे है।

आपातकालीन स्थिति के लिए प्रधानमंत्री के लिए दो कारकेड की भी व्यवस्था गयी है। कारकेड में बुलेट प्रूफ वाहन रहेंगे। मंच से हेलीपैड तक जाने के रास्ते को जोन पांच में रखा गया है। यह जोन नो मैंस लैंड की तरह होगा। इस रास्ते पर किसी को आने की इजाजत नहीं होगी।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस मुख्यालय और झारखंड मंत्रालय तैयारियों में जुटे हैं। इसको लेकर रांची डीटीओ प्रवीण प्रकाश ने राजधानी के स्कूलों से बसों की मांग की है। जारी पत्र में रांची डीटीओ ने लिखा कि उलिहातू व खूंटी जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों को लाने व ले जाने के लिए बड़े वाहनों की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्कूलों से दोपहर तीन बजे तक खूंटी जिला मैदान में बस लगाने को कहा है।

साथ ही सभी स्कूलों से बस चालक और खलासी का भी ब्यौरा मांगा गया है। सरला बिरला पब्लिक स्कूल, संत थोमस स्कूल धुर्वा, संत अंथोनी स्कूल डोरंडा, संत ब्रिजफोर्ड स्कूल तुपुदाना, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, सेक्रेट हार्ट स्कूल, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, रातू, कैम्ब्रियन पब्लिक स्कूल, धुर्वा, कैम्ब्रिज स्कूल टाटसील्वे, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल डोरंडा, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल नामकुम, बिशप वेस्टकॉट ब्यॉज स्कूल नामकुम, डीएवी पब्लिक स्कूल, बरियातू, डीएवी कपिलदेव, डीएवी हेहल, डीएवी, सेक्टर-3, डीएवी नागेश्वर चंदाघासी हटिया, डीएवी पुंदाग, डीएवी नंदराज लालपुर, डीएवी नंदराज बूटी मोड, डीएवी निरजा सहाय स्कूल कांके, डीएवी गांधीनगर, डीपीएस सेल टाउनसिप स्कूल, फिरायालाल पब्लिक स्कूल मेन रोड, संत अन्ना स्कूल पुरुलिया रोड, गुरूनानक हाई स्कूल पी. पी. कंपाउंड, होली चाइल्ड स्कूल हेहल, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली, केराली सेक्टर-2, लेडी केसी राय मेमोरियल स्कूल रातू, लाला लाजपत राय, बाल मंदिर सी. सेकेंडरी स्कूल पुंदाग, लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल एजी मोड, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल बुटी मोड, मनन विद्या दुमरदगा बुटी मोड़, जवाहर विद्या मंदिर श्यामली, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा, शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू नगडी, संत जेवियर डोरंडा, संत जोन्स स्कूल, संत माइकल स्कूल जाजपुर, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया, सुरेंद्रनाथ सेनेटरी स्कूल हजारीबाग रोड, टेंडर हार्ट सी। सेकेंडरी स्कूल टुपुदाना, विवेकानंद विद्या मंदिर सेक्टर-2, ऑक्फोर्ड पब्लिक स्कूल चुटिया, सफायर इंटरनेशनल स्कूल नामकुम और संत मेरी स्कूल।

निर्माणाधीन टनल में फंसे झारखण्ड श्रमिकों की स्थिति से अवगत कराने का निर्देश

# मुख्यमंत्री के आदेश के बाद झारखण्ड के श्रमिकों की मदद हेतु टीम उत्तराखंड रवाना

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश के बाद उत्तराखंड के उतरकाशी में ब्रह्मकमल और यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर सिल्क्यारा और डंडलगांव के बीच निर्माणधीन टनल में हुए दुर्घटना के फलस्वरुप झारखण्ड के श्रमिकों को सहायता प्रदान करने के लिए तीन सदस्यीय टीम उत्तराखंड रवाना हो गई है। टीम में जैप आईटी के सीईओ श्री भुनेश प्रताप सिंह, ज्वाइंट लेबर कमिश्नर श्री राजेश प्रसाद एवं ज्वाइंट लेबर कमिश्नर श्री प्रदीप रॉबर्ट लकडा शामिल हैं। इन श्रमिकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने हेतु और घटना स्थल पर भ्रमण करने एवं समय-समय पर अद्यतन स्थिति से दूरभाष पर अवगत कराने का निदेश टीम को दिया गया है।जानकारी के अनुसार, रविवार को उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी जिले में निमार्णाधीन टनल के अचानक धंस जाने से कुल 40 श्रमिक टनल में फंस गए हैं, जिसमें कुछ श्रमिक झारखण्ड के भी हैं। मामले की जानकारी के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश पर झारखण्ड के श्रमिकों के मदद के लिए तीन सदस्यीय प्रतिनिधमंडल को उत्तराखण्ड भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने टनल में फंसे हुए सभी श्रमिकों के शीघ्र कुशलता की कामना की है।

# रिम्स निदेशक पद की दौड़ में पांच चिकित्सक आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रिम्स को जल्द स्थायी निदेशक मिलने वाला है। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। रिम्स के निदेशक पद के लिए स्वास्थ्य विभाग को अबतक 7-8 आवेदन मिले हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 17 नवंबर तक है। मिली जानकारी के अनुसार, अब तक प्राप्त आवेदन में दो-तीन चिकित्सक रिम्स से बाहर के हैं। वहीं पांच चिकित्सक रिम्स के ही अलग-अलग विभागों में कार्यरत हैं। स्थायी निदेशक की दौड़ में रिम्स के वर्तमान प्रभारी निदेशक डॉ। राजीव कुमार गुप्ता भी शामिल हैं। इनके अलावा चिकित्सा अधीक्षक डॉ। हिरेंद्र बिरूआ, डॉ। सीबी सहाय, डॉ। सीबी शर्मा और डॉ। पंकज बोदरा भी इस दौड़ शामिल हैं। पांचों चिकित्सकों ने रिम्स के निदेशक पद पर आवेदन के लिए स्वास्थ्य विभाग से एनओसी ली है। बताते चले कि रिम्स में निदेशक का पद पिछले पांच माह से प्रभार में चल रहा है। रिम्स के स्थायी निदेशक डॉ। कामेश्वर प्रसाद के इस्तीफे के बाद 6 जून को नेत्र रोग विभाग के एचओडी डॉ। राजीव गुप्ता को निदेशक का प्रभार दिया गया था।













**राजनीतिक उत्सव** झारखंड राज्य के उत्सव में प्रधानमंत्री का आना राज्य का सौभाग्य

# प्रधानमंत्री के ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी में जुट जाएं कार्यकर्ता:बाबूलाल मरांडी



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दो दिवसीय झारखंड दौरे पर स्वागत से संबंधित तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमे क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह , निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश,प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,बालमुकुंद सहाय ,सांसद संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल सहित रांची महानगर एवम रांची ग्रामीण जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,जिला पदाधिकारी,जिला एवम मंडलों के अध्यक्ष,महामंत्री,मोर्चों के अध्यक्ष ,महामंत्री शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड केलिए 15नवंबर स्वर्णिम दिवस है। यह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जन्मदिन है,झारखंड का जन्मदिन है और राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस है।उन्होंने कहा कि 15नवंबर को एक साथ कई त्योहार हैं ।और इस त्योहार को झारखंड वासियों और खासकर जनजाति भाई बहनों के साथ उत्सव मनाने प्रधानमंत्री जी आ रहे हैं।यह झारखंड वासियों केलिए सौभाग्य की बात है।उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं से आह्वान किया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर हमसब प्रधानमंत्री जी के भव्य स्वागत केलिए जोर शोर से तैयारी में जुट जाएं।

### भैया दूज के दिन दिल्ली से चलकर मोदी जी आ रहे झारखंड के भाई बहनों से मिलने:कर्मवीर सिंह

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि झारखंड में उत्सव का वातावरण है। सोहराई,भाईदूज जैसे सांस्कृतिक उत्सव के साथ भगवान बिरसा जयंती,राज्य स्थापना दिवस और जनजाति गौरव दिवस का सुखद संयोग है। उन्हों ने आगे काहा कि ऐसे में विश्व के सर्वमान्य नेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी झारखंड आ रहे। उत्सवों में जनता के बीच रहना उनका स्वभाव है। उन्होंने अपना व्यस्ततम समय झारखंड को दिया यह सुखद है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी सरकारी दौरे पर रांची खूंटी और उलिहातु आ रहे लेकिन पार्टी के नेता को भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भी भव्य स्वागत हो इसके लिए भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक कुल 10स्थानों पर कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किए जायेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम एयरपोर्ट से बाहर कपूरी ठाकुर चौक हीनू में हीनू, हिंदपीढ़ी ,डोरंडा और नामकुम मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे । इस स्थल के प्रभारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा हैं। बिरसा चौक के प्रभारी विधायक नवीन जायसवाल हैं जिनके साथ हटिया,धुर्वा,जगन्नाथपुर,मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। अरगोड़ा चौक पर सांसद संजय सेठ जी के साथ पंडरा और अरगोड़ा मंडल के कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय के पास महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती आरती कुजूर के साथ महिला मोर्चा की बहने स्वागत करेंगी।